● जयपुर, रविवार, 7 जुलाई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 309 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती भाजपा प्रदेश कार्यालय...

पेज @4 साठ सालों में पहली बार किसी राजनैतिक दल और नेतृत्व...

पेज @8 » रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए 'रेल मदद' ऐप की सुविधा दी...

## एक नजर

### भाकपा माओवादियों का कोल्हान बंद 10 जुलाई को

**चाईबासा।** भाकपा माओवादी की दक्षिणी जोनल कमेटी ने 10 जुलाई को कोल्हान प्रमंडल बंद का आह्वान किया है। दक्षिणी जोनल कमेटी ने कहा है कि आपरेशन कगार के तहत झारखंड पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने लोवादा में ऑपरेशन क्लीन चलाकर हमारे छह साथियों का नरसंहार किया है। इसके खिलाफ 10 जुलाई को 24 घंटे का कोल्हान प्रमंडल बंद बुलाया गया है। भाकपा माओवादियों ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि 23 मई को लोवादा गांव के पास जंगल में कामरेड बुधराम सहित तीन सदस्यीय टीम की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में जब कामरेड बुधराम को पैर में गोली लगा तो वे चलने में असमर्थ हो गये। पुलिस ने कामरेड बुधराम को घायल अवस्था में पकड़ कर बर्बरता के साथ शारीरिक यातना देने के बाद सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी और वे शहीद हो गये।

### संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से होगा शुरू : संसदीय कार्य मंत्री

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा और 12 अगस्त तक चलेगा। केंद्रीय बजट 2024-25 लोकसभा में 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने बजट सत्र, 2024 के लिए संसद के दोनों सदनों को 22 जुलाई से 12 अगस्त तक (संसदीय कार्य की अनिवार्यताओं के अधीन) बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय बजट, 2024-25 23 जुलाई को लोकसभा में पेश किया जाएगा।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित और दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई मामले में न्यायिक हिरासत 15 जुलाई तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। मनीष सिसोदिया की आज न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। इस मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट जमानत दे चुका है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।

## पुलिस ने माओवादियों का खतरनाक मंसूबे किये विफल

# गुमला में विस्फोट से पहले 35 आईईडी बरामद

संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले में स्थानीय लोगों की सक्रियता से पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने माओवादियों के खतरनाक मंसूबे को विफल करते हुए गुमला जिले के सुदूरवर्ती गुमला कुरुमगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र में निमार्णाधीन सड़क और एक अन्य स्थान पर विस्फोट करने के इरादे से लगाए गए 35 आईईडी बरामद किए हैं। बम निरोधक दस्ते ने शुक्रवार को पांच केन बम को सड़क खोदकर निकाला और निष्क्रिय कर दिया।

- बम निरोधक दस्ते ने सभी आईईडी किया निष्क्रिय
- धमाकों से गूंज उठा आसपास का पूरा इलाका

इसके अलावा हरिनाखाड़ इलाके से करीब 30 आईईडी बरामद किए गए हैं। इनको शनिवार को बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया।

बम निरोधक दस्ते ने शुक्रवार को पांच केन बम को सड़क खोदकर निकाला और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। इसके अलावा, हरिनाखाड़ इलाके से करीब 30 आईईडी बरामद किए गए, जिन्हें शनिवार को बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय किया। बम लगभग 200 फीट की दूरी तक सड़क के बीच बिछाए गए थे। बम को निष्क्रिय करने के दौरान गांव के आसपास का इलाका धमाकों से गूंज उठा और इस रास्ते पर आम लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए लगातार छानबीन कर रही है।



### पुलिस और सुरक्षाबल थे निशाने पर

एसपी शंभू कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि गुमला इलाका नक्सल प्रभावित है। माओवादियों ने पुलिस और सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए निमार्णाधीन कुटमा-बामड़ा सड़क पर पांच आईईडी बिछाए थे। जिन्हें बम निरोधक दस्ते और जगुआर पुलिस की टीम ने शुक्रवार देर रात निष्क्रिय कर दिया।

### ग्रामीणों की सजगता से टली घटना

पुलिस के अनुसार- अवागमन के दौरान ग्रामीणों ने जमीन से एक तार निकला देखा तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। जिसके बाद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को इसकी दी। जानकारी मिलते ही रांची से बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया और बिना समय गंवाए आईईडी को निष्क्रिय कर दिया।

# घटना से दुखी हूं, दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

## 'हाथरस कांड' के बाद सामने आया 'भोले बाबा' का पहला वीडियो

**हाथरस/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के हाथरस में दो जुलाई को सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हुई। इस मामले में अब सूरजपाल उर्फ 'भोले बाबा' का पहला बयान सामने आया है। इसमें उसने हादसे पर दुख जताते हुए सरकार और प्रशासन से अपेक्षा की है कि अराजकता फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा न जाए। मामले में शुक्रवार को मुख्य आरोपी मधुकर को गिरफ्तार किया गया। भोले भोले बाबा हादसे के बाद से ही गायब है। उसके मैनपुरी के बिछवां स्थित आश्रम में छिपे होने की आशंका जताई जा रही है।

नारायण हरि साकार के नाम से प्रसिद्ध सूरजपाल उर्फ भोले बाबा ने एक वीडियो बयान में कहा है 'ज्मैं 2 जुलाई की घटना के बाद बहुत दुखी हूं। भगवान हमें इस दर्द को सहन करने की शक्ति दें।' भोले बाबा ने लोगों से सरकार और प्रशासन से विश्वास बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि अराजकता फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



इस वीडियो में सूरजपाल उर्फ भोले बाबा ने दावा किया कि उसने अपने वकील एपी सिंह के माध्यम से समिति के सदस्यों से शोक संतप्त परिवारों और घायलों के साथ खड़े रहने और जीवन भर उनकी मदद करने का अनुरोध किया है। हादसे वाले दिन शाम 4:35 बजे तक भोले बाबा की लोकेशन मिलती रही। उसकी आखिरी लोकेशन मैनपुरी ही मिली थी। उसके बाद से फोन बंद जा रहा है। बाबा के मैनपुरी के बिछवां स्थित आश्रम में छिपे होने की आशंका है। बाबा की ओर से जारी किया गया स्पष्टीकरण पत्र भी मैनपुरी आश्रम से ही निकला था।

### खुद बदलें तकदीर, बाबाओं के पाखंडवाद में न फंसें, 'भोले बाबा' पर बरसीं बसपा सुप्रीमो मायावती

**लखनऊ/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को लोगों को सलाह दी कि वे अपने दुखों को दूर करने के लिए हाथरस के भोले बाबा जैसे अनेकों और बाबाओं के अंधविश्वास व पाखंडवाद के बहकावे में न आएं। साथ ही उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पूर्व सीएम मायावती ने अपने एक्स अकाउंट तीन पोस्ट किए।



मायावती ने कहा, देश में गरीबों, दलितों व पीड़ितों आदि को अपनी गरीबी व अन्य सभी दुःखों को दूर करने के लिए हाथरस के भोले बाबा जैसे अनेकों और बाबाओं के अंधविश्वास व पाखंडवाद के बहकावे में आकर अपने दुःख व पीड़ा को और नहीं बढ़ाना चाहिए, यही सलाह है। मायावती ने कहा, बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के बताए हुए रास्तों पर चलकर इन्हें सत्ता खुद अपने हाथों में लेकर अपनी तकदीर खुद बदलनी होगी। इन्हें अपनी पार्टी बीएसपी से ही जुडऩा होगा, तभी ये लोग हाथरस जैसे काण्डों से बच सकते हैं, जिसमें 121 लोगों की हुई मृत्यु अति-चिन्ताजनक है। मायावती ने आगे कहा कि हाथरस कांड में, बाबा भोले सहित अन्य जो भी दोषी हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### अमित शाह पर टिप्पणी का मामला

# राहुल एमपी-एमएलए कोर्ट में नहीं हुए पेश

संवाददाता

**रांची।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में राहुल गांधी समन के बावजूद शनिवार को रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। इस पर शिकायतकर्ता के वकील ने राहुल गांधी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया लेकिन कोर्ट ने इनकार कर दिया।

एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की कोर्ट ने कहा कि जारी समन मिला है या नहीं, इसका सर्विस रिपोर्ट कोर्ट को नहीं मिला है। इसको देखते हुए वारंट अभी जारी नहीं किया जा सकता है। मामले में उपस्थिति की अगली तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान



शिकायतकर्ता नवीन झा के अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने पैरवी की। इससे पूर्व कोर्ट ने राहुल गांधी को समन जारी कर कोर्ट में उपस्थित होने को कहा था। राहुल गांधी की ओर से पूर्व में एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जारी समन को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को फिर से समन जारी किया है।

### वर्ष 2018 में दर्ज हुई थी शिकायतवाद

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में मामले में शिकायतवाद दर्ज होने के बाद रांची सिविल कोर्ट ने पहली बार राहुल गांधी को समन जारी किया था। यह शिकायतवाद भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने वर्ष 2018 को किया है। याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में आयोजित अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। नवीन झा के मुताबिक, इस दौरान राहुल ने कहा था कि भाजपा में एक हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता। इस बयान से उन्हें ठेस पहुंची है। पार्टी की छवि खराब हुई है। इस वजह से शिकायतवाद दायर की थी।

# कुलगाम मुठभेड़ में एक जवान शहीद, सेना का अभियान जारी

एजेंसी

**कुलगाम।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के मोदरगाम गांव में शनिवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच जारी मुठभेड़ में सेना का एक जवान बलिदान हो गया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा की गई शुरुआती गोलीबारी में ही जवान घायल हो गया। घायल जवान को पास के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर वह उपचार के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अभियान जारी है।

### कुलगाम जिले में एक और मुठभेड़ शुरू

कुलगाम। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के फ्रिसल चिन्निगाम इलाके में शनिवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। यह कुलगाम जिले में शुरू होने वाली यह दूसरी मुठभेड़ है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने फ्रिसल चिन्निगाम में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, सेना की 9 आरआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी तो मौके पर छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका जवाब दिया गया और मुठभेड़ शुरू हो गई। सूत्रों के अनुसार इलाके में दो आतंकवादियों के फंसे होने की आशंका है।

### लैंड फॉर जॉब मामले की सुनवाई 15 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग और सीबीआई के मामलों पर सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने कहा कि उसने 7 जून को जो अंतिम चार्जशीट दाखिल की उसमें फोरेंसिक रिपोर्ट संलग्न नहीं है। डीपी सिंह ने फोरेंसिक रिपोर्ट संलग्न करने के लिए समय देने की मांग की। उसके बाद कोर्ट ने 15 जुलाई को सुनवाई करने का आदेश दिया। सीबीआई ने 7 जून को इस मामले मे अंतिम चार्जशीट दाखिल की थी।

### प्रदेश कार्यालय में राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# भाजपा के लोगों ने हमारा ऑफिस तोड़ा, हम इनकी सरकार तोड़ेंगे : राहुल गांधी

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के पालडी स्थित राजीव गांधी भवन में शनिवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जमकर जोश भरा। उन्हें गुजरात में भाजपा को हराने के लिए अभी से कमर कस लेने को कहा। राममंदिर, अभय मुद्रा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र कर उन्होंने भाजपा को चारों ओर से घेरने का प्रयास किया। राहुल गांधी कांग्रेस कार्यालय पर पथराव और पार्टी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में गुजरात



दौरे पर हैं। गुजरात में हुए विभिन्न हादसों के पीड़ित परिवारजनों से भी मिलने का उनका कार्यक्रम है। राहुल गांधी ने गुजरात कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि गुजरात में कांग्रेस जीतेगी। भाजपा ने उनका ऑफिस तोड़ा है, हम इनकी सरकार तोड़ेंगे।

राहुल गांधी ने अयोध्या में भाजपा की हार का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा अयोध्या में इसलिए हारी क्योंकि भाजपा ने अयोध्या में जिन लोगों की जमीनें लीं, उन्हें राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में जगह नहीं मिली। राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ता अयोध्या में बब्बर शेर की तरह इंडिया गठबंधन के लिए खड़े रहे और वहां पर भाजपा हार गई। गुजरात के लिए भी ऐसा ही मेनिफेस्टो बनाना है लेकिन गुजरात के लोगों के साथ बातचीत करके बनाना है।

### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर केन्द्रीय गृह मंत्री सहकार से समृद्धि कार्यक्रम में शामिल हुए

# केन्द्र सरकार जल्द ही राष्ट्रीय सहकारी नीति लाएगी : अमित शाह

एजेंसी

**गांधीनगर।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 102वें अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम में कहा कि सहकारी संस्थाओं को देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ बनाया जाएगा। इसके जरिए देश के करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में सुविधाओं, समृद्धि और आत्मविश्वास स्थापित करने का काम किया जाएगा।

केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि भारत में सहकार कोई नया विचार नहीं है। हमलोगों के पूर्वजों ने 125 साल पुराने इस विचार को अपनाया था। उन्होंने कहा कि




सरदार पटेल, महात्मा गांधी, गाडगिल, वैकुंठ मेहता और त्रिभुवन दास पटेल जैसे महान विभूतियों ने इसकी शुरूआत की थी। आज सहकारी आंदोलन देश के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ा योगदान दे रहा है। सहकारी क्षेत्र कृषि लोन में 20 फीसदी, खाद के वितरण में 35 फीसदी, उत्पादन में 21 फीसदी, चीनी उत्पादन में 31 फीसदी, गेहूं की खरीदी में 13 फीसदी, धान की खरीदी में 20 फीसदी योगदान दे रहा है। शाह ने कहा कि आगामी 5 साल में सहकारिता का इतना मजबूत पीलर खड़ा करना है जिससे आगामी 125 साल तक सभी गांवों और घरों तक सहकारिता का लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सरकार शीघ्र ही राष्ट्रीय सहकारी नीति लाएगी।

### दो नई योजनाएं लागू

शाह ने कहा कि मोदी सरकार सहकारी समितियों के माध्यम से दो नई योजनाएं लेकर आई है। इथेनॉल को बढ़ावा देने और मक्का उत्पादक किसानों की समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था की है कि सरकार की दो बड़ी सहकारी समितियां किसानों द्वारा उत्पादित मक्का को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर ऑनलाइन खरीदेंगी और उससे इथेनॉल का उत्पादन करेंगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल किसान समृद्ध होंगे बल्कि पेट्रोल आयात कम करके देश के विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इसी तरह अब भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ और उपभोक्ता सहकारी संगठन भी 4 प्रकार की दालें 100 प्रतिशत एमएसपी पर खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम सहकारी क्षेत्र के सभी आर्थिक लेन-देन सहकारी क्षेत्र के भीतर ही करें तो हमें बाहर से एक पैसा भी लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### सहकारिता की उपलब्धियां गिनाई

सहकारिता मंत्री ने राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और देश भर के सभी राज्य सहकारी बैंकों से अनुरोध किया कि प्रत्येक प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) और अन्य सहकारी संस्थाएं अपना खाता जिला सहकारी बैंक या स्टेट को- ऑपरेटिव बैंक में खोले, जिससे न केवल सहकारी क्षेत्र मजबूत होगा बल्कि पूंजी और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 10 साल के दौरान सहकारिता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का विवरण भी दिया। शाह ने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने तीन बहु-राज्य सहकारी संस्था- जैविक समिति, निर्यात समिति और बीज समिति का भी गठन किया है, जिससे किसानों के जीवन को समृद्ध बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही राष्ट्रीय सहकारी नीति लाएगी।

### आबकारी घोटाला : सीबीआई ने कोर्ट में कहा

# केजरीवाल को छोड़ सभी आरोपितों की जांच पूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने कहा है कि दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में सभी आरोपितों के खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है और केवल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जांच चल रही है। सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने राऊज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि सीबीआई सुप्रीम कोर्ट को इस बाबत बताएगी कि 4 जून के बाद इस मामले में क्या नया मोड़ आया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने सीबीआई की चार्जशीट पर 8 जुलाई को अगली सुनवाई का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कहा कि दिल्ली आबकारी घोटाला में केजरीवाल की भूमिका की जांच की जा रही है। केजरीवाल के खिलाफ जांच लगभग पूरी हो चुकी है। सुनवाई के दौरान मनीष सिसोदिया और के कविता की ओर से पेश वकीलों ने आरोप लगाया कि सीबीआई गुमराह करने वाला और भ्रामक बयान दे रही है। 22 मार्च को कोर्ट के एक आदेश में ये साफ कहा गया है कि जांच पूरी हो चुकी है। ऐसे में सीबीआई का मार्च में दिया गया बयान गलत है कि जांच पूरी हो चुकी थी। अब जो स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई है वो जांच पूरी होने के दावे के विपरीत है।

# नेपाल में (अ) पवित्र गठबंधन

पड़ोसी मुल्क नेपाल में सियासी लुका-छिपी का खेल बरसों-बरस से जारी है। हिमालयी राष्ट्र के लोकतंत्र का दुर्भाग्य यह है, शटल कॉक की मानिंद सियासत अस्थिर है। इधर सोलह वर्षों का सियासी लेखा-जोखा टटोला जाए तो नेपाल में पुष्प कमल दहल प्रचंड की अल्पमत सरकार को हटाकर शेर बहादुर देउबा और केपी शर्मा ओली का नया गठबंधन अब सत्तारूढ़ होने की तैयारी में है। प्रचंड सरकार में शामिल सीपीएन-यूएमएल के आठ मंत्रियों ने इस्तीफा देकर अपनी मंशा साफ कर दी है, वे अब इस सरकार का संवैधानिक हिस्सा नहीं हैं।

इससे पूर्व नेपाली कांग्रेस के मुखिया शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूएमएल के सुप्रीमो केपी शर्मा ओली ने मिलकर नेपाल में बारी-बारी से सरकार बनाने का फैसला लिया है। ओली गुट के वजीरों के सामूहिक त्यागपत्र के बाद नेपाल में 2022 से काबिज प्रचंड की सरकार अलविदा होने की स्थिति में है। नेपाल में नया गठबंधन कब काबिज होगा, भारत समेत पूरी दुनिया की नजर इस पर रहेगी। यह राजनीतिक बदलाव चंद घंटों या चंद दिनों में संभव है, क्योंकि प्रधानमंत्री प्रचंड का साफ कहना है, वह इस्तीफा नहीं देंगे, जबकि प्रचंड गुट के मुताबिक प्रचंड सरकार विश्वास मत का सामना करेगी। नेपाली संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, नेपाली संसद में बहुमत होने वाले प्रधानमंत्री को 30 दिनों के भीतर बहुमत सिद्ध करना होता है।


नेपाली संविधान के अनुच्छेद 76(2) के अनुसार तत्कालीन राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने 25 दिसंबर 2022 को सीपीएन-मायोवादी सेंटर के मुखिया पुष्प कमल दहल प्रचंड को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। प्रचंड ने 26 दिसंबर को नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। यह महज संयोग था या इसके भी कुछ सियासी मायने हैं, यह सियासी टीकाकारों के मूल्यांकन का विषय है। इस दिन आधुनिक चीन के संस्थापक माओत्से तुंग की 130वीं जयंती थी। चीन ने प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने पर सबसे पहले न केवल खुशी का इजहार किया, बल्कि लंबे समय से जारी सीमा विवाद को निपटाकर उन्हें रिटर्न गिफ्ट भी दे दिया। संसद में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता के तौर पर उभरे प्रचंड को इस पद पर गंभीर दावेदार नहीं माना जा रहा था। इस चुनाव में नेपाली कांग्रेस 89 सीटों पर कब्जा करके सबसे बड़ी पार्टी बन गई। नेपाल में 276 सीटों वाले सदन में बहुमत के लिए 138 सीटें हासिल करना अनिवार्य है। सीपीएन-यूएमएल के खाते में 78 सीटें आईं, जबकि प्रचंड की पार्टी को महज 32 सीटों पर ही सफलता मिली। केवल 32 सीट जीतने के बावजूद प्रचंड गठबंधन सरकार में प्रधानमंत्री के पद पर काबिज हो गए। प्रचंड को नेपाल के सबसे बड़े विजयी दल- नेपाली कांग्रेस का साथ मिल गया। यह बेमेल गठबंधन अंततः 15 मार्च 2022 को टूट गया।

सियासत के चतुर खिलाड़ी प्रचंड ओली की पार्टी के बूते सरकार बचाने में सफल रहे। करीब-करीब दो साल में यह तीसरी बार सत्ता परिवर्तन होने जा रहा है। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक नई सरकार में डेढ़ साल तक केपी शर्मा ओली पीएम बनेंगे, जबकि बचे हुए कार्यकाल पर शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री बनेंगे। पेंडुलम की मानिंद नेपाली सियासी दंगल में हार न मानने वाले प्रधानमंत्री प्रचंड अंत तक सरकार बचाने की जुगत में रहे। उन्होंने इस सियासी संक्रमण काल से उभरने के लिए पहली जुलाई को आपात बैठक बुलाई, लेकिन राजनीतिक हवा को भांपते हुए अंतिम क्षणों में इस बैठक को निरस्त कर दिया। अंततः गठबंधन सरकार को बचाने की सारी कवायद विफल हो गई। इस्तीफा न देने पर अड़े हताश एवं निराश प्रचंड को नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. प्रकाश शरण सलाह देते हैं, बदलते सियासी परिदृश्य के चलते अल्पमत में आई प्रचंड सरकार को खुद इस्तीफा देने की पहल करनी चाहिए, ताकि नेपाल में नए गठबंधन की सरकार स्थापित हो सके। नेपाल में यूं तो संसदीय लोकतंत्र का शंखनाद 1951 में हो गया था, लेकिन इसे नेपाली राजशाही ने 1960 और 2005 में निलंबित कर दिया। 2008 में धर्मनिरपेक्ष गणराज्य की स्थापना के साथ ही दुनिया की अंतिम राजशाही का अंत हो गया। 2015 में नया संविधान लागू हुआ तो नेपाल संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया। यहां का संविधान बहुजातीय, बहुभाषी, बहुधार्मिक, बहुसांस्कृतिक विशेषताओं से लबरेज है।

कहने को तो, नेपाल और भारत में रोटी-बेटी का संबंध है। सियासी भाषा में नेपाल को भारत का लघु भ्राता भी कहा जाता है, लेकिन नेपाल की आयु भारत से दो गुना से भी ज्यादा है। दस्तावेजों के मुताबिक नेपाल का आधिकारिक रूप से गठन 25 सितंबर 1768 में हुआ था। भारत के मानिंद नेपाल कभी भी उपनिवेशिक बंधन में नहीं रहा है, जबकि भारत का आधिकारिक गठन 15 अगस्त 1947 में हुआ। नेपाल भारत से 178 वर्ष, 10 महीने और 21 दिन बड़ा है। किंग्स कॉलेज, लंदन में किंग्स इंडिया इंस्टीट्यूट के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर एवं आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन थिंक टैंक में उपाध्यक्ष (अध्ययन एवं विदेश नीति) हर्ष वी. पंत नेपाल में सियासी करवट पर कहते हैं, सीपीएन-यूएमएल और नेपाली कांग्रेस वैचारिक रूप से अलग हैं। मुझे नहीं लगता, ऐसी गठबंधन सरकार लंबे समय तक टिकाऊ होगी। इसमें कोई शक नहीं, यह विवशताओं का गठबंधन है।

नेपाल की माली हालत को देखते हुए मध्यावधि चुनाव मुफीद नहीं रहेगा। अच्छा रहेगा, यह गठबंधन कार्यकाल मुकम्मल करे। नए गठबंधन के सामने दो पड़ोसी देश-चीन के बीच संबंधों को संतुलित रखना एक बड़ी चुनौती होगी। ओली को चीन समर्थक माना जाता है, जबकि नेपाली कांग्रेस मध्यमार्गी कहलाती है। नेपाली कांग्रेस पार्टी के भारत के संग दशकों पुराने रिश्ते हैं। इस पार्टी की स्थापना 1947 में भारतीय शहर कोलकाता में हुई थी। नेपाली कांग्रेस और इसके मुखिया शेर बहादुर देउबा भारत के हितैषी माने जाते हैं। इसमें कोई शक नहीं, ओली की अब की सियासत भारत विरोधी और चीन समर्थक रही है। ऐसे में भारतीय शासकों को घबराने की कतई जरूरत नहीं है, क्योंकि इस नए गठबंधन में नेपाली कांग्रेस बड़ी ताकत के रूप में शामिल है। उम्मीद की जाती है, केपी शर्मा ओली चाहकर भी भारत का फिलहाल कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। ओली की विषैली भाषा और चीन परस्त नीतियां आए दिन अपना फन नहीं उठा पाएंगी।

# स्वास्थ्य को चौपट कर देगा कोलेस्ट्रॉल का बढ़ रहा खतरा



ललित गर्ग

स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत का अनेक खतरों से रू-ब-रू होना चिन्ता में डाल रहा है। बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता के साथ मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसे रोग दबे पांव इंसानों को घेर कर बड़ी चुनौतियां बन रहे हैं, जिन्हें बड़े खतरों के रूप में देखा जाना चाहिए। इन्हीं बढ़ते खतरों के बीच देश में कोलेस्ट्रॉल एक नई स्वास्थ्य चुनौती बनकर उभरा है। कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया की 22 सदस्यीय समिति ने अब अधिक कोलेस्ट्रॉल की वजह से होने वाले डिस्लिपिडेमिया को लेकर जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं, वे इसी मायने में महत्वपूर्ण एवं स्वास्थ्य के मोर्चे पर गंभीर हैं। शरीर का यह ऐसा विकार है, जिसका पता अक्सर खुद उसके शिकार को भी नहीं चल पाता, क्योंकि अक्सर इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखाई देते। नतीजा यह होता है कि वह धीरे-धीरे हृदय रोग और गंभीर स्थितियों में हृदयाघात जैसी समस्याओं की ओर बढ़ता जाता है। बहरहाल, इस संगठन ने भारत के बारे में जो आंकड़े दिए हैं, वे डराने वाले हैं। देश की 81 फीसदी आबादी में कोलेस्ट्रॉल का स्तर सुरक्षित सीमा से काफी ज्यादा मिला है, यानी चुपचाप होने वाले इस शारीरिक विकार का खतरा देश की आबादी के एक बहुत बड़े हिस्से पर मंडरा रहा है। कोलेस्ट्रॉल की पहचान के लिए लोगों को लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कराना चाहिए। शरीर में लिपिड का लेवल कितना हो इसके लिए भारत की अपनी पहली गाइडलाइन बनाई गई है। कोलेस्ट्रॉल का बेहतर ढंग से इलाज दिल की बीमारियों का खतरा कम कर सकता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ना बेहद खतरनाक होता है। इससे कई तरह की गंभीर शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं।

आज जितनी भी नई-नई बीमारियां उभर रही है, उसका कारण असंतुलित एवं सुविधावादी जीवनशैली है। डिस्लिपिडेमिया को जीवन शैली से जुड़ी समस्या माना जाता है। कहा जाता है कि इस समस्या के मूल में आर्थिक समृद्धि के कारण लोगों की खान-पान, नशा एवं उन्मुक्त जीवनशैली है। देर रात को सोना एवं सुबह देर से उठना, ना खाने का समय, ना शरीर को तपाने की कोई पद्धति। फास्ट-फूड के आधुनिक दौर में अब हमारे भोजन में ज्यादा शर्करा, ज्यादा कार्बोहाईड्रेट और ज्यादा वसा होने के कारण यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। निश्चित ही यह यह रोग अमीर लोगों में ज्यादा देखने को मिलता है, लेकिन बड़ी समस्या यह है एक बड़ी आबादी इसकी गिरफ्त में आ गयी है। वह गरीब आबादी जो देश में आज मुफ्त अनाज पर निर्भर है। इसलिये बहुसंख्यक लोगों में इस रोग के पनपने एवं शारीरिक समस्या के लिए सिर्फ हम जीवनशैली को दोषी नहीं ठहरा सकते। यही वजह है कि भारतीय स्थितियों में इस समस्या के प्रसार के अभी और गहन एवं गंभीर अध्ययन की जरूरत है। इस बढ़ते खतरे को समय पर नियंत्रित नहीं किया गया तो भारत बीमारों का देश बन जायेगा।



भारत में डिस्लिपिडेमिया की बीमारी तेजी से फैल रही है, जो एक साइलेंट किलर की तरह है। इस बीमारी के लक्षण तो नजर नहीं आते लेकिन यह धीरे-धीरे शरीर में अपनी जड़े जमाने लगती है और हार्ट अटैक जैसी खतरनाक बीमारियों का जोखिम बढ़ा देती है। निश्चित ही कोलेस्ट्रॉल को लेकर जो खबर आई है, वह बहुत अच्छी नहीं है। हालांकि, इसके पीछे की जो पहल है, उसकी तारीफ तो की ही जानी चाहिए। पहली बार देश में कोलेस्ट्रॉल को लेकर दिशा-निर्देश जारी हुए हैं। अभी तक जब देश के डॉक्टर मरीजों के कोलेस्ट्रॉल या सरल भाषा में कहें, तो शरीर में जमा हो गई चर्बी का इलाज करते थे या लोगों को लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कराने की हिदायत देते थे, तो वे यह काम यूरोपियन सोसायटी ऑफ कार्डियोलॉजी के दिशा-निर्देशों के तहत कर रहे होते थे। हार्ट अटैक को लेकर अक्सर ये कहा जाता रहा है कि डायबिटीज, हाइपरटेंशन, स्ट्रेस, तंबाकू सेवन, मद्यपान आदि के कारण हार्ट अटैक होते हैं, लेकिन इसके विपरीत भारत में हार्ट अटैक के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार जो चीज देखी गई है, वह है डिस्लिपिडेमिया यानि लिपिड प्रोफाइल जो भारत में 80 फीसदी लोगों में नॉर्मल नहीं है और न ही लोगों को इसकी जानकारी ही है। विशेषज्ञ बताते हैं कि पश्चिमी देशों के मुकाबले भारत में पिछले 10 सालों में दिल का रोग बढ़ता गया है। इसका बड़ा कारण खानपान, खराब एवं असंतुलित हुई जीवनशैली, दैनिक शारीरिक गतिविधि में आई कमी सहित दूसरे कारण है।

इस बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को गंभीरता से लेना होगा। क्योंकि अभी भी हमारे देश में आबादी के एक बहुत बड़े हिस्से तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं नहीं पहुंच पाती हैं। बहुत सारी छोटी-छोटी मौसमी बीमारियों तक का इलाज, खासकर दूरदराज के अनेक ग्रामीण इलाकों में आज भी सहज उपलब्ध नहीं है और जहां प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच गई हैं, वहां भी शायद ही इस तरह की स्वास्थ्य-समस्या के इलाज की समुचित व्यवस्था होगी। इसलिए हमारे सामने जो चुनौती है, वह बहुत ज्यादा बड़ी है। इसी के साथ-साथ यह भी बहुत जरूरी है कि इस समस्या से बचाव के तरीकों का देश में पर्याप्त प्रचार-प्रसार हो। यह बहुत कठिन काम नहीं है। उदाहरण भी हमारे पास है। सही तरीके से प्रचार के कारण ही कोविड के दौर में बहुत बड़ी आबादी ने मास्क पहनने, सार्वजनिक दूरी बनाने, खानपान को संतुलित करने के उपक्रम शुरू कर दिए थे। कोलेस्ट्रॉल के इलाज को सर्वसुलभ बनाने के रास्ते भी हमें खोजने होंगे। हमारे देश की आधी आबादी शारीरिक रूप से सक्रिय नहीं है। भारत की जनता शारीरिक रूप से सक्रियता के मामले में दुनिया में 12वें नबंर पर है। द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल के अनुसार हमारे देश में 57 फीसदी महिलाएं शारीरिक रूप से निष्क्रिय हैं। वहीं, इस सूची में पुरुष तकरीबन 42 फीसदी है।

दुनिया की बड़ी चिन्ताओं में स्वास्थ्य प्रमुख है। सभी देशों में स्वास्थ्य की स्थिति सोचनीय एवं परेशान करने वाली है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती आबादी, शहरीकरण तथा आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण शारीरिक एवं मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। यह किसी एक राष्ट्र के लिये नहीं, समूची दुनिया के लिये चिन्ता का विषय है। अस्वास्थ्य वर्तमान युग की एक व्यापक समस्या है। चारों ओर बीमारियों का दुर्भेध घेरा है। निरन्तर बढ़ती हुई बीमारियों को रोकने के लिये नई-नई चिकित्सा पद्धतियां असफल हो रही है। जैसे-जैसे विज्ञान रोग-प्रतिरोधक औषधियों का निर्माण करता है, वैसे-वैसे बीमारियां नये रूप, नये नाम और नये परिवेश में प्रस्तुत हो रही है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ स्वस्थ खाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि कैसे दुनिया एक साथ आकर सभी को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है।

भारत की चिकित्सा स्थितियां एवं सेवाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां सुधर रही हैं, वहीं स्वास्थ्य-स्थितियां नई-नई चुनौतियां लेकर खड़ी हो जाती है। इसलिये चिकित्सा-स्थितियों के साथ-साथ स्वास्थ्य-स्थितियों में सुधार की तीव्रता से अपेक्षा है। भारत में स्वास्थ्य-क्रांति का शंखनाद हो, यह व्यक्तियों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करें, सरकारों को स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और संसाधनों में निवेश करने के लिए प्रेरित करें और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में लगातार सुधार करने के लिए प्रेरित करे। बीमारियों पर नियंत्रण के लिये योग एवं साधना, संतुलित आहार एवं संयमित जीवनशैली को भी प्रोत्साहित किया जाये। जितनी भी मानसिक और कायिक बीमारियां या विकृतियां उत्पन्न होती है, वे इस बात की गवाह है कि किसी एक ने 'रोड क्रोसिंग' पर खड़े 'ट्रेफिक पुलिस' के निर्देशों की उपेक्षा कर 'ओवर टेकिंग' की कोशिश की है। सारी दुनिया में बढ़ते हुए मनोरोग एवं हृदयरोग इसी आंतरिक अव्यवस्था का परिणाम है। अन्य असाध्य बीमारियों का कारण भी असंतुलित जीवनशैली है। इसलिये अच्छे स्वास्थ्य के लिये मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बरतना नितान्त अनिवार्य है।

# भारतीय कूटनीतिक नजरिए से कितना अहम है ब्रिटेन का सत्ता परिवर्तन



डॉ. रमेश ठाकुर

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनाव के परिणाम ने अचानक मौसम को गरमा दिया है। वहां राजनीति इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेनवासियों ने एकतरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख कीर स्टार्मर फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं। आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेन की नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें देश के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे। भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय नॉर्थलेरटन सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे।

ताज्जुब वाली बात ये है कि नॉर्थलेरटन वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बाकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग और समर्थक भी उनसे छिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कइयों की तो जमानत भी जब्त हुई हैं। ब्रिटेन और भारत के मौजूदा चुनाव ने एक बात यह बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं। कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे कि फला समुदाय या मतदाता उनका है। बहरहाल, ब्रिटेन में चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। नतीजों को लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे, दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना। इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी चुनाव में खूब उछला। ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह भी है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं। बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए। किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें। हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए। लेबर पार्टी की यह जीत उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा भी है। लेबर पार्टी को सरकार को नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, ऊर्जा स्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना भी होगा। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है।उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# 'जमींदोज हो रहे पुल', भ्रष्टाचार की नंगी नुमाइश या कोई साजिश?



मनोज कुमार अग्रवाल

बिहार से पिछले कुछ दिनों में एक के बाद एक पुल गिरने की घटना बार-बार घटित हो रही है। पूरे देश में बिहार में लगातार एक के बाद एक पुल बहने के हादसों को लेकर भारी हैरानी है। दरअसल, बिहार में पिछले 18 दिनों में 12 पुल गिर चुके हैं। इस साल बिहार में पुल गिरने का सिलसिला 18 जून से शुरू हुआ था, जब सबसे पहले अररिया जिले में सिकटी प्रखंड में एक पुल गिरा था। इसके बाद पुल गिरने का सिलसिला शुरू हो गया और एक पखवाड़े में करीब 10 पुल गिर गए। अगर छोटे मोटे पुलों को मिलाकर देखें तो 3 जुलाई को तो एक दिन में ही पांच पुल गिर गए। वैसे ऐसा नहीं है कि इस बार कुछ अलग है और पुल गिर रहे हैं। पूरे भारत का रिकॉर्ड देखा जाए तो एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1977 से 2017 के बीच 2130 पुल गिर चुके हैं (इसमें नाले और फुटओवर ब्रिज शामिल नहीं है)। इस रिसर्च के हिसाब से भारत में पुल की औसत आयु 34.5 साल है। वहीं, पिछले कुछ सालों में पुल गिरने की घटनाओं पर नजर मारें तो फैक्टली की एक रिपोर्ट में एनसीआरबी के डेटा के हिसाब से बताया गया है कि साल 2012 से 2021 के बीच 214 पुल गिरने के केस दर्ज हुए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, पुल गिरने के कई कारण हो सकते हैं। इन कारणों में डिजाइन, पुल बनाने में इस्तेमाल हुआ खराब सामान, लापरवाही, उम्रदराज पुल आदि शामिल है, इसके अलावा प्राकृतिक आपदा भी पुल गिरने की अहम वजह है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 80.30 पुल गिरने की घटनाएं प्राकृतिक आपदाओं की वजह से होती है। इसके बाद 10.10 फीसदी घटनाएं खराब मैटेरियल, 3.28 फीसदी ब्रिज ओवरलोडिंग और 2.19 फीसदी 'मन मेड डिजास्टर्स की वजह से होती है। साथ ही बालू खनन भी पुल गिरने के कारणों में से एक है।

पुल गिरने से हर साल कई लोगों की मौत हो जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2012 से 2021 तक पुल गिरने से 285 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें साल 2012 में 62, 2013 में 53, 2014 में 12, 2015 में 24, 2016 में 47, 2017 में 10, 2018 में 34, 2019 में 26, 2020 में 10, 2021 में 5 लोगों की मौत हो गई थी। साल 2022 में गुजरात के मोरबी में एक पुल गिरने का हादसा हुआ था, जब मच्छु नदी में बने पूल के टूटने से 141 लोगों की मौत हो गई थी। उधर एक दर्जन पुल गिरने के बाद बिहार सरकार नींद से जाग गई है आज बिहार सरकार ने बड़ा एक्शन लेते हुए 15 इंजीनियर सस्पेंड कर दिये। बिहार में पिछले दिनों विभिन्न जिलों में एक दर्जन पुल-पुलियों के गिरने और धंसने के मामले में सरकार ने शुक्रवार को 15 अभियंताओं को निलंबित कर दिया। इसमें जल संसाधन विभाग के 11 और ग्रामीण कार्य विभाग के अन्य चार शामिल हैं। बताया गया कि विभिन्न जिलों में पिछले दिनों कुल 12 पुल-पुलिया ध्वस्त हुए हैं, जिसमें से छह पुल-पुलिया बहुत पुराने थे एवं तीन पुल-पुलिया निर्माणाधीन थे। जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने शुक्रवार को बताया कि तीन और चार जुलाई को सीवान एवं सारण जिलों में छाड़ी गंडकी नदी पर अवस्थित छह पुल-पुलिया ध्वस्त हुए। विभागीय उड़नदस्ता की जांच में पाया गया कि कार्य के दौरान संबंधित अभियंताओं ने नदी पर अवस्थित पुल-पुलिया को सुरक्षित रखने को लेकर उचित कदम नहीं उठाए। साथ ही सरकार ने दो पुल बनाने वाली कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें पूछा गया है कि उन्हें ब्लैक लिस्ट क्यों ना किया जाए। रिपोर्ट बयान



करती है कि 18 जून से अब तक राज्य भर में किशनगंज, अररिया, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, सीवान और सारण में 10 पुल ढह गए हैं या धंस गए हैं। 9 पुलों-पुलियों में से चार अकेले सीवान में गिरे थे। कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा दोषी ठेकेदारों और बनाने वाली कंपनियों को ब्लैक लिस्ट में डालने की प्रक्रिया शुरू करने के अलावा सरकार उनमें से कुछ का पेमेंट भी रोक रही है।सरकार ने कहा कि राज्य के अलग-अलग जिलों में कुल 9 पुल और पुलिया ढह गई हैं। इनमें से 6 पुल और पुलिया बहुत पुरानी थीं और तीन पुल और पुलिया ऐसे थे जो बन ही रहे थे। जल संसाधन विभाग ने एग्जीक्यूटीव इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर समेत 11 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। ग्रामीण कार्य विभाग ने भी अपने चार वर्तमान एवं पूर्व इंजीनियरों को अपना काम सही से नहीं करने और लापरवाही बरतने की वजह से सस्पेंड कर दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इससे पहले बिहार में सभी बनने वाले पुलों और पुराने पुलों के संबंध में दो हफ्ते के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी थी।

बिहार में पुलों के गिरने की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। कोर्ट में दायर हुई जनहित याचिका में उन सभी छोटे और बड़े पुलों के सरकारी निर्माण का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने के आदेश देने की मांग की गई है जो अभी और हाल के वर्षों में बने हैं। इसके अलावा याचिका में यह भी कहा गया है कि, 'पिछले 2 सालों में दो बड़े पुल और कई छोटे पुल बनते ही या फिर निर्माण के दौरान ढह गए हैं।' याचिका में पिछले 2 सालों में हुई पुलों की घटनाओं का जिक्र किया गया है। याचिका के मुताबिक पिछले दो साल में बिहार में 12 पुलों के गिरने की घटना सामने आई है।

भारतीय पुल प्रबंधन प्रणाली (आईबीएमएस) की रिपोर्ट के हिसाब से नेशनल हाइवे पर 1,72,517 बड़े और छोटे पुल और पुलिया हैं। इनमें से 1,34,229 पुलिया, 32,806 छोटे पुल, 3,647 बड़े पुल और 1,835 अतिरिक्त लंबे पुल हैं। साथ ही इनमें करीब 30 फीसदी पुलिया, 12-15 फीसदी छोटे पुल, 8-10 फीसदी बड़े पुल और 5 फीसदी अतिरिक्त लंबे पुल खराब स्थिति में हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों पर नजर डालें तो देश भर में पुलों के गिरने की घटनाओं में कमी आई है। 2012-2013 में पुल गिरने की घटनाएं औसतन 45 थीं जो 2021 में घटकर आठ हो गई।

बिहार सरकार के मुताबिक इन पुल-पुलियों के क्षतिग्रस्त होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यान्वयन से संबंधित दोषी जल संसाधन विभाग के 11 अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इनमें कार्यपालक अभियंता अमित आनन्द और कुमार ब्रजेश, सहायक अभियंता राजकुमार, चन्द्रमोहन झा, सिमरन आनन्द और नेहा रानी तथा कनीय अभियंता मो. माजिद, रवि कुमार रजनीश, रफीउल होदा अंसारी, रतनेश गौतम तथा प्रभात रंजन शामिल हैं। जबकि, 18 जून को अररिया में पुलिया क्षतिग्रस्त मामले में निर्मल कुमार (मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, पूर्णिया) की अध्यक्षता में जांच दल का गठन कर क्षतिग्रस्त पुल की जांच कराई गई है। क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण कार्य में कर्तव्यहीनता बरतने के फलस्वरूप ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता अंजनी कुमार, आशुतोष कुमार रंजन तथा कनीय अभियंता वीरेन्द्र प्रसाद और मनीष कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

इन घटनाओं ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। नीतीश सरकार विपक्ष के साथ आरोप-प्रत्यारोप लगा रही है कि इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए। भवन निर्माण मंत्री अशोक कुमार चौधरी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव पर राज्य के सड़क निर्माण और भवन निर्माण मंत्री रहते हुए पुल रखरखाव के लिए मजबूत नीति नहीं बनाने का आरोप लगाया। वहीं उन्होंने कहा ये केतली को काले बताने के जैसा मामला है। आरजीडी नेता तेजस्वी यादव ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार है, लेकिन पिछले 20 दिनों में राज्य में एक दर्जन से ज्यादा पुल गिर गए हैं। उधर सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने बिहार में पुलों का लगातार गिरने की घटनाओं के पीछे साजिश की आशंका व्यक्त की है। वह मानते हैं कि यह चिंता का विषय है. लेकिन, 15 दिन या एक माह पहले पुल क्यों नहीं गिर रहे थे। साजिश के तहत इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इससे सरकार को बदनाम करने का प्रयास विरोधियों की ओर से किया जा रहा है। उक्त बातें केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि क्योंकि पहले बिहार में शायद ही एक-दो पुल गिरा करते थे, लेकिन लगातार इस तरह का घटना इशारा करती है कि इसके पीछे कोई साजिश है। सरकार इसे लेकर सख्त है। इंजीनियर और ठेकेदार पर कार्रवाई हो रही है, जो लोग भी इसके पीछे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। यह तथ्य भी सामने आया है कि हाल ही में नदियों नहरों की गाद सफाई का काम किया गया था आशंका है कि गाद की सफाई के दौरान जानबूझकर पुलों की आधार पिलर्स की नीवं के आसपास खुदाई कर दी गई बारिश होते ही पानी के बहाव से पिलर्स की खोदी गई जडों की नीव कटने से पुल हवा में झूलने लगे और धड़ाम बहने लगे। सरकार इन बिंदुओं पर जांच करा रही है कि आखिर एक साथ इतने पुल कैसे गिर रहे हैं? देखना है कि यह कोई गहरी साजिश के तहत किया जा रहा कारनामा है या भ्रष्टाचार की नंगी होती तस्वीर है?

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती भाजपा प्रदेश कार्यालय में पुष्पांजली अर्पित की

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 06 जुलाई 2024।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की गई। इस दौरान जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दिया था। कश्मीर को लेकर डॉ मुखर्जी ने नारा दिया था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। इस नारे को 70 साल



बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने 70 मिनट में पूरा करते हुए कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाने का ऐतिहासिक काम किया। वहीं दूसरी ओर कुछ राष्ट्र विरोधी लोग और राजनैतिक पार्टियां कश्मीर के मामले को यूएन में ले जाने का काम कर रहे थे, धारा 370 के बिल को संसद में फाड़ने का काम कर रहे थे, ऐसी राष्ट्र विरोधी शक्तियों को कमजोर करने के लिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को एकजुट होकर डॉ मुखर्जी के पदचिन्हों पर कार्य करने की आवशयकता हैं।

जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश में पंडित नेहरू की परमिट व्यवस्था का भी विरोध किया था। इसी विरोध के स्वरूप उन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दे दिया, लेकिन उनके बलिदान को जनसंघ के बाद भारतीय जनता पार्टी ने समझा और आज कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

पुष्पांजली कार्यक्रम के दौरान भाजपा के संगठक प्रद्युम्न कुमार, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी और भाजपा मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने पचगांव में आयोजित की रात्रि चौपाल



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण )। धौलपुर 6 जुलाई** को जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में शुक्रवार को पचगांव में रात्रि चौपाल काआयोजन हुआ जिसमें उन्होंने आमजन की दैनिक जरूरत से जुड़े मुद्दे को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल के दौरान राजस्व विभाग, कृषि, पेयजल, विद्युत संबंधी परिवादों को सुनकर जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान पचगांव में शमशान स्थल निर्माण, पचगांव के कुछ क्षेत्रों में पाईप से जलापूर्ति समाधान हेतु, विद्युत आपूर्ति से संबंधित परिवेदनाओं को सुनकर जिला कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारी से जानकारी लेते हुए निस्तारण संबंधी निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने एसडीएम धौलपुर साधना शर्मा को निर्देशित किया कि ग्रामीणों के परिवादो को नियमित फॉलो अप किया जाए ताकि उनकी समस्याओं को समाधान हो एवं राहत मिलेइस ! अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि समस्त विभागों के अधिकारी आमजन के हितों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें तथा प्रत्येक जनहित से जुड़े कार्यों की व्यक्तिगत रूप से नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता के उच्चतम मापदंड स्थापित करें !रात्रि चौपाल के अवसर पर सभी विभागीय अधिकारियों ने उनके विभाग से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, डीडी आईसीडीएस भूपेश गर्ग सहित अधिकारी कार्मिक एवं बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित रहे।

### लोक संगीत की फुहारों से मन भीगा

- नेट थिएट पर सीमा मिश्रा ने रचा गीतों का इंद्रधनुष



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान कोकिला के नाम से पहचानी जाने वाली विख्यात गायिका सीमा मिश्रा ने नेट थिएट पर लोक संगीत की फुहारों से संगीत रसिको के मन को भिगो दिया।
नेट थियेट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया की सीमा मिश्रा ने पीहू पीहू बोले पिया मोरियो के सुरीले गायन से श्रावण माह में बोलने वाले मोर का सौंदर्य वर्णन और विरह के मनोभावों को बखूबी जीवंत किया। जैसे ही सीमा मिश्रा ने गीत को अपने स्वर दिए तो ऑनलाइन देख रहे दर्शकों ने इसे काफी पसंद किया। इसके बाद कागलिया गेरो गेरो बोले रे और इन लहरियारा नौ सौ रुपिया रोकड़ा सा की पारंपरिक रचना से राजस्थानी परिवेश का सुनहरा खाका खींचा। सीमा ने राजस्थान की लोक संगीत की पारंपरिक विधा हिचकी की सुनहरी प्रस्तुति से भरपूर प्रशंसा अर्जित की। आवे हिचकी बैरण आवे हिचकी की कर्णप्रिय प्रस्तुति दी तो दर्शकों ने उन्हें काफी लाइक्स दिए।
सीमा मिश्रा के साथ तबले पर सावन डांगी ढोलक पर पावन डांगी एवं महेंद्र शर्मा मंटू और कीबोर्ड पर हेमंत डांगी ने प्रभावशाली संगत कर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया।
कार्यक्रम में पद्मश्री शाकिर अली और वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुमार निर्मल ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया ।
कार्यक्रम में कैमरा मनोज स्वामी, साउंड नदीम(पालम साउंड) और विनोद सागर गढ़वाल और मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू, वीरेंद्र सिंह राठौड़ और जिवतेश शर्मा की रही ।

### बनास का जलस्तर बढ़ा, काफर बांध पर दो फीट चली चादर,

- प्रशासन ने रोका निर्माणाधीन ईसरदा बांध का काम रोका



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** बनास नदी में अचानक पानी बढ़ने से बनेठा कस्बे के पास नदी में करोड़ों रुपयों की लागत से बनाए जा रहे ईसरदा बांध का निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। पानी में निर्माण में जुटी कंपनी के कई सामग्री भी डूब गई हैं। इससे लाखों रुपयों का नुकसान हुआ है। ज्ञात रहे कि जिले में गुरुवार रात से शुक्रवार रात तक जिले में रुक-रुक कर भारी बारिश हुई है। इससे मालपुरा, देवली, पीपलू में काफी नुकसान हुआ है। सहोदरा नदी उफान पर आ गई। इससे बनास नदी में अचानक पानी बढ़ गया। इसके चलते बनेठा कस्बे के पास बनास नदी में बने कॉपर डेम की शनिवार सुबह दो फीट की चादर चल गई। यह पानी तेजी से बहता हुआ निर्माणधीन ईसरदा मुख्य बांध के निर्माण क्षेत्र में भर गया। पानी ज्यादा आने से निर्माण कार्य को रोक दिया है। मजदूर हाथों से निकलने वाले सामानों को बाहर निकालने में जुटे हुए हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अचानक निकले जयपुर के दौरे पर

## लिया ड्रेनेज सिस्टम एवं निर्माणाधीन प्रोजेक्टों का बारिकी से जायजा



### हीरापुरा बस टर्मिनल तक चल सकती है मेट्रो, जल्द होगा ऐलान

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर में बारिश के बाद बिगड़े हालात का जायजा लेने औचक निरीक्षण पर निकले। इस दौरान उन्होंने शहर के ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही मानसरोवर में जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की ओर से की गई कार्रवाई का जायजा लिया। यहां कुछ दिन पहले ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, करीब 600 से ज्यादा अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए थे। दरअसल, शनिवार को सीएम भजनलाल सीएमओ में मौजूद थे। इस दौरान अचानक जयपुर शहर का दौरा करने निकल गए। इसकी जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को भी नहीं दी गई। मुख्यमंत्री अपने प्रमुख सचिव शिखर अग्रवाल और यूडीएच विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी टी रविकांत के का निरीक्षण कर रहे हैं।

### आरयूएचएस अस्पताल में जल्द बढ़ेगीसुविधाएं:-

» भजनलाल सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा– अजमेर की तरफ से आने वाली रोडवेज और प्राइवेट बसों के लिए बस स्टैंड बना है। उसका निरीक्षण किया था। मेट्रो का फेज–दो शुरू हुआ है। वो आगे बस स्टैंड तक बने, जिससे लोगों को असुविधा न हो। इसके बाद खुली जेल में 300 बेड का हॉस्पिटल सांगानेर के लिए बन रहे सीएम अस्पताल के 10वें फ्लोर

### सीएम ने आरयूएचएस हॉस्पिटल में डॉक्टर्स लिया फीडबैक

तक गए सीएम भजनलाल शर्मा ने अस्पताल के 10वें फ्लोर तक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में मौजूद मशीनों के बारे में भी

### सीएम ने आरयूएचएस हॉस्पिटल में डॉक्टर्स लिया फीडबैक

» मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अधिकारियों के साथ आरयूएचएस हॉस्पिटल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने सबसे पहले परिसर में स्थित गणेश रहा है। उसका निरीक्षण किया। आरयूएचएस अस्पताल में जो थोड़ी बहुत दिक्कत है, उसे सही करेंगे। राजस्थान की जनता को फायदा मिले। क्योकि एसएमएस अस्पताल में दूसरे राज्यों से भी लोग आते हैं। उसका लोड कैसे था।जानकारी ली। निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री शर्मा मेडिकल स्टाफ के साथ अस्पताल को लेकर चर्चा कर रहे हैं।मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद मेडिकल सुविधाओं की जानकारी लेने के साथ ही डॉक्टर्स और स्टाफ को लेकर भी फीडबैक ले रहे हैं।कम हो, उसको लेकर अधिकारियों से चर्चा हुई है। आने वाले समय में राजस्थान में किसी भी मरीज को परेशानी न हो। अच्छा इलाज हो। इसलिए आरयूएचएस अस्पताल में आया

# प्रदेश में इस साल भी नहीं होंगे छात्रसंघ चुनाव

## उच्च शिक्षा मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा ना हम चुनाव कराने हैं और ना चुनाव रुकवाने वाले

- एबीवीपी ने कहा ये गलत बात है भाजपा अपने वादे से पीछे हट रही



चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। प्रदेश में छात्रसंघ चुनावों को लेकर उप मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैखा के एक बयान के बाद असमंजस की स्थिति बन गई है। बैरवा ने जयपुर में कहा है कि प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नहीं करवाए थे। न ही हमारी सरकार ने छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगाई है, इसलिए वे इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहना चाहते, क्योंकि न हम कराने वाले हैं, न बंद करने वाले हैं।उप मुख्यमंत्री के बयान के बाद एबीवीपी, राजस्थान यूनिवर्सिटी के इकाई अध्यक्ष रोहित मीणा ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने एबीवीपी की न्याय पदयात्रा से डरकर छात्रसंघ चुनाव रद्द कर दिए थे। ऐसे में हम बीजेपी सरकार से फिर से छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग करते है।

### वादे से मुकर रही है बीजेपी, ये गलत है : एबीवीपी

एबीवीपी के भारत भूषण यादव ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने तुगलकी फरमान निकालकर राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव बंद कर दिए थे। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा-पत्र में फिर से छात्रसंघ चुनाव शुरू करने का वादा किया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद अब बीजेपी के नेता अपने वादे से मुकर रहे हैं। यह सरासर गलत है और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इसका पुरजोर विरोध करती है। ऐसे में अगर सरकार ने जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव करने का ऐलान नहीं किया तो परिषद प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन करेगी।

### पूर्व छात्रसंघ अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री को छात्रसंघ चुनाव करवाने के पक्ष में लिखा पत्र

प्रदेश में आम छात्र नेताओं के साथ ही राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रसंघ अध्यक्ष रहे ज्ञान सिंह चौधरी, हुकुम सिंह, कालीचरण सर्राफ, जितेंद्र श्रीमाली, रणवीर सिंह गुढ़ा, पुष्पेंद्र भारद्वाज, अशोक लाहोटी, प्रताप सिंह खाचरियावास, राजेंद्र सिंह राठौड़, राजकुमार शर्मा, अखिल शुक्ला, मनीष यादव, अनिल चौपड़ा, कानाराम जाट और विनोद जाखड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर प्रदेश में फिर से छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की है।

### एनएसयूआई ने भी की छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग

एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश भाटी ने कहा कि पिछली बार हमारी कांग्रेस सरकार ने छात्रसंघ चुनाव रद्द कर दिए थे। इसका एनएसयूआई ने पुरजोर तरीके से विरोध किया था, लेकिन तब छात्रसंघ चुनाव का आयोजन नहीं हो सका था। इस बार हम प्रदेश की भाजपा सरकार से फिर से छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग करते हैं। क्योंकि पिछली बार भाजपा नेताओं ने भी छात्रसंघ चुनाव

### गत बार 2022 में हुए थे छात्रसंघ चुनाव

प्रदेश में साल 2005 में छात्रसंघ चुनाव के दौरान काफी हंगामा और हुड़दा हुआ था, जिसके बाद हाईकोर्ट में पीआईएल दायर की गई थी। साल 2006 में कोर्ट ने छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा दी थी। इसके बाद साल 2010 में एक बार फिर छत्रसंघ चुनाव की शुरुआत हुई थी। हालाकि, साल 2020 और 2021 में भी कोरोना संक्रमण की वजह से छात्रसंघ चुनाव नहीं हो पाए थे। इसके बाद सरकार ने 29 जुलाई 2022 को एक बार फिर छात्रसंघ चुनाव कराने का फैसला किया था, लेकिन पिछले साल 12 अगस्त को कांग्रेस सरकार ने छात्रसंघ चुनाव रद्द कर दिया था।कराने का वादा किया था। ऐसे में अगर सरकार इस बार अपने वादे से मुकरती है तो एनएसयूआई के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे। क्योंकि छात्रसंघ चुनाव ही आम छात्रों की आवाज को बुलंद करने का एकमात्र तरीका है।

# ग्रामीण पत्रकार समिति ने अजमेर सांसद व केंद्रीय मंत्री को सौंपा छः सूत्री मांगो का ज्ञापन

चमकता राजस्थान

**रघुनन्दन पारीक श्रीनगर।** नसीराबाद झड़वासा, अजमेर के सांसद व केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी व देवनारायण बोर्ड कें अध्यक्ष ओम प्रकाश भड़ाना को ग्रामीण पत्रकार समिति के संभाग अध्यक्ष किशनवतार पारीक, अजमेर जिला अध्यक्ष पुरण मल उदय, रतन लाल जांगिड़ के द्वारा छः सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा जिसमें सचिव राजेश वर्मा ने बताया की छः सूत्रीय मांगो में पत्रकारों कें लिए सुरक्षा ×कानून, राजकीय व निजी अस्पतालों में पत्रकारों निशुल्क इलाज, राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय हाइवे पर पत्रकारों टोल फ्री, पत्रकारों को राजकीय बस व रेल में निशुल्क यात्रा, निशुल्क भूखंड मय आवास के और अधिस्वीकृत पत्रकार व्यवस्था में सरलीकरण कर तीन वर्ष से नियमित कार्य कर रहे सभी पत्रकारों को इसमें जोड़ना आदि मांगो का ज्ञापन सौंपा

इस पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी व बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भड़ाना ने उक्त ग्रामीण पत्रकार समिति से जुड़े ग्रामीण पत्रकारों की सूची भी मांगी इस पर सचिव राजेश वर्मा ने बताया जल्दी ही सक्रिय ग्रामीण पत्रकार व उक्त समिति से जुड़े सभी पत्रकारों की सूची तैयार कर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी व बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भड़ाना को कार्यवाही हेतु सोंपी जाएगी



## नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री नहीं बनते तो देश ऐसे हाथों में चला जाता जिन्हें जनता पर नहीं राष्ट्र विरोधी ताकतों पर भरोसा हैः सीपी जोशी

# साठ सालों में पहली बार किसी राजनैतिक दल और नेतृत्व की लगातार तीसरी बार सरकार बनी है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ : सीपी जोशी

चमकता राजस्थान

**चित्तौडगढ़ 06 जुलाई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी ने आज इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और कहा कि यह जीत आपकी, भाजपा की, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व की और उस विचारधारा की है जिसका बीजारोपण बहुत पहले हुआ था। 1952 में भी यहां दिया जला था जब लोग नारे लगाते थे दियों में तेल नहीं, देश चलाना खेल नही। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान मिले सहयोग एवं समर्थन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि पिछले दस सालों में क्षेत्र का विकास किया और अब डबल इंजन की सरकार में आने वाले पांच सालों में दुगनी गति से विकास करेंगे। उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से चित्तौडगढ़ लोकसभा क्षेत्र को विकसित, सशक्त, स्वच्छ और



सुदृढ़ बनाने के लिए हर माह एक बैठक आयोजित करने की अपील की जिससे उनके अनुभव का लाभ अन्य कार्यकर्ताओं को मिले और क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो सकें। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जनता की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और आखिरी के 6 महिनों में ही काम किया। जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के 6 महिनों में ही संकल्प पत्र के 40 से 45 प्रतिशत से अधिक वादों को पूरा करने के साथ ही जनहित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का काम किया। कांग्रेस ने ईआरसीपी को लेकर भी प्रदेश की जनता को गुमराह किया लेकिन भाजपा की सरकार ने काम करते हुए मध्य प्रदेश की सरकार के साथ एमओयू किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि साठ सालों में यह पहला अवसर है जब किसी राजनैतिक दल और किसी नेतृत्व की सरकार लगातार तीसरी बार बनी है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए जो लोग पहले साथ नहीं बैठते थे, आपस में बात नहीं करते थे, एक दूसरे पर आरोप लगाते वे सभी एक हो गए और चुनाव के समय जनता को बरगलाने और जनता को भ्रमित करने का काम किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि अब लोगों को लग रहा है कि अगर थोड़ी सी चूक हो जाती और नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनते तो देश ऐसे लोगों के हाथों में चला जाता जिन्हें देश की जनता पर नहीं बल्कि राष्ट्र विरोधी ताकतों पर भरोसा है, ये वही लोग है जिन्होंने राम मंदिर निर्माण का विरोध किया और प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकराया, कश्मीर से धारा 370 हटाने का विरोध किया, तीन तलाक कानून का विरोध किया, नागरिकता संशोधन कानून का विरोध किया, हिन्दूओं को हिंसक कहा, हिन्दू आतंकवाद कहा, कभी डेंगू, मलेरिया और कैंसर कहा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, जिला महामंत्री रघुवीर शर्मा, लोकसभा संयोजक रणजीत सिंह भाटी, प्रधान देवेंद्र कंवर, पूर्व विधायक बद्री लाल जाट, अध्यक्षीय कार्यालय प्रभारी श्रवण सिंह, लोकसभा प्रवक्ता अनील सिसोदिया, सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गोरख धंधा शब्द का प्रयोग करने पर नाथ समाज में रोष



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** विधान सभा के चल रहे बजट सत्र में बांदीकुई विधायक भागचंद सैनी टाकड़ा द्वारा दूध में हो रही मिलावट को लेकर दिए गए उद्बोधन में बार-बार गोरख धंधा शब्द का प्रयोग किया गया । जिस को लेकर नाथ संप्रदाय और गोरक्ष नाथ जी के अनुयायियों की धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं और संपूर्ण समाज में रोष व्याप्त हुआ है ।

जिसे लेकर राजस्थान नाथ समाज के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर योगी के नेतृत्व में समाज के एक शिष्ट मंडल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम जयपुर जिला कलेक्टर, प्रकाश राजपुरोहित,तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच को नाथ समाज का ज्ञापन सौंपा ।

जिसमें गोरख धंधा शब्द आधिकारिक रूप से बैन करने एवं विधायक जी द्वारा नाथ समाज से माफी मांगने हेतु मांग की ।

यह प्रकरण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीपी जोशी के भी संज्ञान में लाया गया है और बताया गया की गोरख धंधा शब्द बैन को लेकर पूर्व में भी भारतीय जनता पार्टी ने इसे अपने मैनिफेस्टो में शामिल किया था, लेकिन फिर भी भाजपा विधायक द्वारा ऐसी भाषा का प्रयोग कर नाथ समाज की भावनाओ को ठेस पहुंचाई है । बता दे की नाथ संप्रदाय की मुख्य गद्दी के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री है साथ ही गोरख धंधा शब्द पड़ोसी राज्यों हरियाणा, हिमाचल प्रदेश आदि में आधिकारिक रूप से बैन है ।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर योगी,प्रदेश महामंत्री रणवीर योगी, पूर्व महामंत्री रामकिशोर योगी, रूपनारायण नाथ योगी, अधिवक्ता संतोष योगी, पूर्व जिला अध्यक्ष बनवारी लाल योगी, युवा मोर्चा अध्यक्ष महावीर योगी, युवा मोर्चा महामंत्री अरविन्द योगी, मुख्य संरक्षक डॉ मक्खन लाल योगी, कोषाध्यक्ष हनुमान प्रसाद योगी, मुकेश योगी, विनोद योगी सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे ।

### किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म का मामला, आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को किया न्यायालय में पेश, आरोपी को जेल भेजा

**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** ग्रामीण क्षेत्र में करीब दो माह पहले किशोरी का बहला-फुसलाकर अपहरण कर दुष्कर्म के मामलें में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्रामीण क्षेत्र निवासी गिरफ्तार आरोपी गोलू बंजारा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।



पुलिस के अनुसार करीब दो माह पहले गिरफ्तार आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर किशोरी का बहला फुसलाकर अपहरण किया। बाद में आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। मामलें में अपहृत किशोरी के पिता ने घर में रखें करीब दो लाख नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण के साथ बहला-फुसलाकर किशोरी का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार आरोपी सहित परिजनों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आगरा-जयपुर राजमार्ग से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# हरिनगर में हुआ विशाल हरिकीर्तन दंगल एवं भंडारा




### धार्मिक एवं पौराणिक रचनाओं को सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

चमकता राजस्थान

हिंडौन सिटी संवाददाता की रिपोर्ट करौली जिले के हिण्डौन उपखण्ड के मण्डावरा ग्राम पंचायत के हरिनगर गांव में अम्बेडकर विकास समिति एवं पंच पटेलों द्वा- रा हरि कीर्तन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि करौली धौलपुर सांसद भजन लाल जाटव, विशिष्ठ अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामचरण खुरसटपुरा, श्रीमहावीरजी प्रधान प्रतिनिधि रेवती लाल, बसपा के पूर्व प्रदेश प्रभारी अमर सिंह, राष्ट्रपति पुरस्कृत पुरणमल जाटव, जिला जाटव सुधार समिति 360 गांव के पूर्व महामंत्री नेमीचंद जाटव, पंचायत समिति सदस्य सोहन सिंह,जीतमल बनकी, रामजीत विजयपुरा, मण्डावरा सरपंच प्रतिनिधि हरीश चंद्र शर्मा रहे।

आयोजन कमेटी एवं पंच पटेलों की ओर से मुख्य अतिथि,विशिष्ठ अतिथियों, पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों का माला व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि भजन लाल जाटव ने जन समुह एवं हजारों श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वर्ग को नशे से दूर रहकर परिवार रोशन के लिए शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया । साथ ही समाज में व्याप्त दहेज प्रथा, मृत्यु भोज, जैसी कुरीतियों को जड़ से उखाड़ फेंकने का आव्हान करते हुए नारी शिक्षा पर जोर दिया गया। वहीं दूस- री ओर उन्होंने श्रोताओं की भीड़ एवं गायक पार्टियों को संबोधित करते हुए कहा कि भीम जागरण, कीर्तन आदि से धार्मिक परंपरा के अनुसार आपसी भाईचारे एवं मेल मिलाप की भावना को बढ़ावा मिलता है। विशिष्ट अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सामाजिक कार्यकर्ता मदन मोहन भास्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में अलीपुरा से अमरसिंह, पावटीयान का पुरा सेमुकेशभण्डारी, शेखपुरा से मुन्शी लाल, निसुरिया का पुरा से महेंद्र की कीर्तन पार्टियों ने भाग लिया। जिसमें मुकेश भण्डारी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जीवनी एवं संविधान की कथा को विस्तार से समझाते हुए सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। अलीपुरा की पार्टी ने हरदौल की कथा सुनाई। शेखपुरा और निसुरिया का पुरा की पार्टी ने अपनी अपनी रचनाओं और कला के माध्यम से श्रोताओं का मन मोह लिया। मंच का संचालन नेमीचंद अध्यापक और हरि चरण बौद्ध ने किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रामप्रसाद, नवल सिंह, रिंकू खेड़ी हैवत, भजनलाल धंधावली, संतोष कुमार पीपलहेडा, मदन मोहन भास्क- र, करण सिंह ठेकेदार, हरदयाल ठेकेदार, सुरेश,अतरसिंह, रूमेल सिंह, रूप सिंह, बहादुर, बनेसिंह, सन्नू, रूपन, मगन, हंस राम, देवीलाल, श्रीमोहन, कुन्नी, कमर सिंह, रामकेश, भरतलाल, बिजेंद्र, भूरी, पूरणमल, रामदास, हरिनगर अम्बेडकर विकास समिति एवं पंच पटेलों सहित समस्त ग्रामीण, आस पास के गांवों के सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अनंत-राधिका के संगीत में पहुंचे टी-20 विश्व विजेता कप्तान, नीता अंबानी ने तारीफों के पुल बांधे



चमकता राजस्थान

मुंबई। टी-20 वर्ल्ड कप में परचम लहरा कर हाल में स्वदेश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम का इन दिनों जमकर स्वागत किया जा रहा है। इसी बीच टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या, अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की संगीत सेरेमनी में पहुंचे। खिलाड़ियों का पारंपरिक तरीके से तिलक लगा कर स्वागत किया गया। अनंत अंबानी और राधिक मर्चेंट की शादी 12 जुलाई को होगी।

नीता अंबानी ने जब तीनों खिलाड़ियों को स्टेज पर बुलाया तब माहौल देखने लायक था। संगीत सेरेमनी में दुनिया भर से आए मेहमानों के बीच नीता अंबानी ने तीनों दिग्गज खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच नीता अंबानी ने कहा कि, ''आज हम इंडिया की जीत का जश्न मनाएंगे। टीम इंडिया ने पूरी दुनिया के सामने हमारा सभी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।''

जाने माने उद्योगपति मुकेश अंबानी ने इंडियन टीम को सभी की तरफ से धन्यवाद बोला। उन्होंने कहा कि, ''माही यानी महेंद्र सिंह धोनी यहां उपस्थित हैं जो 2011 में वर्ल्ड कप लाए थे, आज 2024 में आप लाएं हैं, सभी भारतीयों को इस पर गर्व है।''

संगीत सेरेमनी में अंबानी परिवार के दोस्तों, मेहमानों और रिश्तेदारों ने अपनी जगह पर खड़े होकर खिलाड़ियों का तालियों से स्वागत किया। इस दौरान नीता अंबानी काफी भावुक दिखीं। उन्होंने बताया कि यह जीत किस तरह उनके लिए व्यक्तिगत जीत है, क्योंकि ये तीनों खिलाड़ी मुंबई इंडियस फैमिली का हिस्सा हैं। रोहित शर्मा, सूर्या और हार्दिक पंड्या तीनों आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हैं।

## विधानसभा सत्र के बाद होगी डीपीसी

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग में 8 जुलाई को होने वाली अभियंताओं की डीपीएस अब विधानसभा सत्र के बाद में होगी

### अच्छी तैयारी, इस बार करेंगे पहले से अच्छा प्रदर्शन

# वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश में भारतीय टीम की कोच होंगी जयपुर की सुरभि मिश्रा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश खिलाड़ी और भारतीय स्क्वैश टीम की कोच सुरभि मिश्रा का कहना है कि भारतीय टीम अच्छी तैयारी के साथ वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए जा रही है। हम हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। गुलाबी नगर की सुरभि मिश्रा को 'ूस्टन में 12 से 23 जुलाई तक आयोजित होने वाली डब्ल्यूएसएफ वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया है। सुरभि 8 जुलाई को भारतीय दल के साथ दिल्ली से 'ूस्टन के लिए उड़ान भरेंगी।

पिछले दस साल से लगातार भारतीय टीम के साथ जुड़ी सुरभि ने मीडिया से बातचीत में कहा कि फेडरेशन की ओर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ी अच्छी तैयारी और पूरे फॉर्म में हैं। टीम की प्रैक्टिस और परफॉरमेंस को देखते हुए कह सकते हैं कि वर्ल्ड चैंपियनशिप में हम पहले के मुकाबले इस बार कई पदक जीतकर लौटेंगे।



सुरभि ने कहा कि वर्ल्ड चैंपियनशिप में दुनिया की शीर्ष टीमें हिस्सा ले रही हैं। वहां हर मुकाबला चुनौतीपूर्ण होगा। लेकिन हमें पदक जीतने के लिए इजिप्ट, मलेशिया, इंग्लैंड, पाकिस्तान और मेजबान अमेरिका जैसी मजबूती टीमों से टक्कर लेनी होगी। सुरभि की अगुवाई में ही भारतीय दल ने पिछले वर्ष चीन में हुए एशियाई खेलों में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित पांच पदक अपने नाम किए थे। एशियाई खेलों के इतिहास में भारत का स्क्वैश में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### 40 देशों की टीमें खेलेंगी

» सुरभि ने बताया कि जूनियर वर्ल्ड कप में 40 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें 12 से 17 जुलाई तक व्यक्तिगत चैंपियनशिप के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, वहीं 18 से 23 जुलाई तक टीम चैंपियनशिप के मुकाबले होंगे। चैंपियनशिप में भारत का 12 सदस्यीय दल हिस्सा लेगा। इसमें बॉयज और गर्ल्स कैटेगरी में छह–छह खिलाड़ी शामिल हैं।

### जयपुर का अवलोकित भी टीम में

» वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल में जयपुर के अवलोकित सिंह को भी शामिल किया गया है। सुरभि ने बताया कि अवलोकित को पिछले माह चेन्नई में हुई ट्रॉयल के आधार पर टीम में चुना गया है। अवलोकित वर्तमान में जूनियर रैंकिंग में नम्बर सात के खिलाड़ी हैं। अवलोकित ने स्क्वैश खेल की शुरुआत जयपुर में सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान स्क्वैश एकेडमी से की। वे पिछले कई साल से सुरभि मिश्रा से ही प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस दौरान अवलोकित ने राष्ट्रीय स्तर पर कई खिताब अपने नाम किए हैं।

### भारतीय टीम

» **बॉयज–** शौर्य बावा (दिल्ली), युवराज वाधवानी (मुम्बई), अयान वजीरअली (मुम्बई), अरिहन्त के. एस. (तमिलनाडु), अवलोकित सिंह (जयपुर), तवनीत सिंह मूंदड़ा (मध्य प्रदेश)।

» **गर्ल्स–** अनाहत सिंह (दिल्ली), उन्नति त्रिपाठी (उत्तर प्रदेश), निरुपमा दुबे (महाराष्ट्र), शमीना रियाज (तमिलनाडु), टियाना परसरामपुरिया (महाराष्ट्र), सहर नैयर (चंडीगढ़)।

» **कोच–** सुरभि मिश्रा और हरिंदर पाल सिंह संधू।

### सुरभि खुद जीत चुकी हैं वर्ल्ड जूनियर में पदक

सुरभि मिश्रा खुद वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में देश के लिए पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 2009 में चेन्नई में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्होंने गर्ल्स टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया। यह इस टूर्नामेंट में देश का पहला पदक था। इसी चैंपियनशिप में दीपिका पल्लीकल ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी कांस्य पदक हासिल किया था। उन्होंने बताया कि भारत ने 2012 में कतर में बॉयज टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। पिछले वर्ष आस्ट्रेलिया के मेलबोर्न में हुई जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत की गर्ल्स टीम शीर्ष आठ में रही, वहीं 2023 में हुई बॉयज जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत ने पांचवां स्थान हासिल किया था।

## जयपुर विकास प्राधिकरण ने मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन अधिकारी के निर्देशन में दिया ताबड़तोड़ कार्रवाई को अंजाम

# नवीन अवैध कॉलोनियों पर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई कर किया पुख्ता ध्वस्तीकरण









**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांकः 06.07.2024 को जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित भूखण्ड संख्या-बी-457, रामगरिया विस्तार के पीछे गोल्डन पार्क अतिशय विहार में जेडीए स्वामित्व की सुविधा क्षेत्र / पब्लिक पार्क की सरकारी भूमि पर कब्जा अतिक्रमण कर अवैध रूप से पत्थरों की बाउण्ड्रीवाल बनाकर व अन्य अवैध निर्माण कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर जोन-09 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर की सुविधा क्षेत्र/पब्लिक पार्क की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। निलय कुंज में जेडीए स्वामित्व के भूखण्ड संख्या-98 ऑक्सन किये हुये प्लॉट को करवाया कब्जा अतिक्रमण मुक्त। 2. जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित निलय कुंज में जेडीए स्वामित्व के भूखण्ड संख्या-98, के ऑक्सन किये हुयेप्लॉट पर कब्जा अतिकमण कर अवैध रूपं से तीन तरफ दीवार व एक पानी की टंकी बना कर व अन्य अवैध निर्माण कब्जा-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-09 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-09 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

जोन-11 ड्ट निजी खातेदारी करीब 14 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियां का पूर्णतः ध्वस्तीकरण। प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांकः 06.07.2024 को जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कपूरावाला तहसील सांगानेर, खातीपुरा रोड़, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

> **जोन-09 रामनगरिया विस्तार के पीछे गोल्डन पार्क अतिशय विहार में सुविधा क्षेत्र / पब्लिक पार्क की सरकारी भूमि को करवाया कब्जा अतिक्रमण मुक्त।**
>
> **निलय कुँज में जेडीए स्वामित्व के भूखण्ड संख्या-98 ऑक्सन किये हुये प्लॉट को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त।**
>
> **जोन-11 निजी खातेदारी करीब 14 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियां का पूर्णतः ध्वस्तीकरण।**
>
> **जोन-14 निजी खातेदारी करीब 13 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का पूर्णतः ध्वस्तीकरण।**
>
> **जोन-04 निजी खातेदारी करीब 03 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का पूर्णतः ध्वस्तीकरण।**
>
> **जोन-09 रामनगरिया विस्तार के पीछे गोल्डन पार्क अतिशय विहार में सुविधा क्षेत्र / पब्लिक पार्क की सरकारी भूमि को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त।**

**जोन-11** के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कपूरावाला तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में ही दूसरी करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर फार्महाऊस योजना हेतू रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। मजदधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी

**जोन-11** के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम पवालियां तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई गिट्टी ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**जोन-11** के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम पवालियां तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में ही चौथी करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं विना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई गिट्टी ग्रेवल सड़कें, सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-11 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेवर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

**जोन-14**

निजी खातेदारी करीब 13 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का पूर्णतः ध्वस्तीकरण। 7. प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांकः 06.07.2024 को जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित वाटिका के पास, ग्राम मोहनपुरा, जिला जयपुर में करीब 13 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ₹सुभाष नगर₹ के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रैवल, डामर की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल, चारदीवारी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**जोन-04**

निजी खातेदारी करीब 03 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का पूर्णतः ध्वस्तीकरण। प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांकः 06.07.2024 को जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सांगानेर ऑक्सफोर्ड स्कूल के पीछे खुली जेल के पास, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रैवल, डामर की सड़कें, चारदीवारी, घुमटियां व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-04 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-14, 04 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## न्यूट अपडेट

### 6 दिन से गुमशुदा नाबालिग बालिका को जयपुर से किया रेस्क्यु

**चमकता राजस्थान, जयपुर/कोटा (खलील कुरैशी)।** शहर की मानव तस्करी विरोधी यूनिट द्वारा 29 जून को प्रेमनगर तृतीय इलाके से लापता नाबालिग बालिका को जयपुर के हरमाड़ा थाना इलाके से रेस्क्यू किया है एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 30 जून को प्रेमनगर अर्कोटेबल आवासीय योजना निवासी फरियादिया द्वारा थाना उद्योगनगर पर रिपोर्ट दी थी कि बीती रात उसकी 14 वर्षीय बेटी किसी को बिना बताए घर से कही चली गई। इस पर थाना उद्योगनगर पर प्रकरण दर्ज कर तलाश प्रारम्भ की गई।नाबालिग की तलाश के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध एवं अनुसंधान सैल नियती शर्मा के निर्देशन व प्रभारी मानव तस्करी विरोधी युनिट शिमला गुर्जर के नेतृत्व मे एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने फरियादी से आवशयक जानकारी कर तकनिकी पुलिसिंग एवं मुखबीरो से आसुचना का समावेश करते हुए बालिका को तलाश किया। प्रेमनगर से बस स्टैण्ड से लेकर तालेडा के रास्ते में उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज चैक किये। जिन स्थानो पर बालिका की सीसीटीवी कैमरे में उपस्थिती आई उस क्षेत्र के आस पास वाले क्षेत्र में तलाश किया। शुक्रवार को गांव नारायणपुर थाना मानपुर जिला श्योपुर मध्यप्रदेश गई टीम को लगातार दबिश के दौरान जयपुर के थाना हरमाडा क्षेत्र में राजावास एरिया में बालिका के होने की पुख्ता जानकारी मिली।इस जानकारी पर विशेष टीम द्वारा समय खराब नही कर बालिका के इधर उधर होने की सम्भावना को देखते हुए हरमाडा थाना पुलिस को सुचना दी, इस पर थाना हरमाडा की विशेष टीम द्वारा उक्त बालिका को रेस्क्यु किया एवं मानव तस्करी टीम द्वारा बालिका को हरमाडा थाना पुलिस स्टेशन से दस्तयाब कर आज कोटा लेकर आये एंव अनुसंधान हेतु थाना उद्योगनगर को सुपुर्द किया गया।

### हजरत सैयद महबूब उर रहमान नियाजी के उर्स कुल की रस्म के साथ हुआ समापन

**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** गुलाबी नगरी जयपुर में गंगा जमुनी तहजीब की प्रतिक और सामाजिक समरसता की मुरत संसार चंद रोड स्थित मीर जी दरगाह में हजरत सैयद महबूब उर रहमान नियाजी के आठवें उर्स के पहले दिन रात में सुफियाना कलामों एवं कव्वाली कार्यक्रम में फनकारों ने जबरदस्त अपने शानदार कलाम और बेहतरीन कव्वाली फन की प्रस्तुति दी। दूसरे दिन सुबह कुरानखानी हुई और दरगाह को गुसल देकर कुल की रस्म अदायगी हुई शाम को महफ़लि ए शंमा कव्वाली की महफिल सजी जिसमें देश भर से कव्वाल पहुंचे बॉलीवुड फेम साबरी बंधुओ ने शानदार कलाम पेश किया महफिल देर रात तक चली। इस मौके पर दरगाह के सज्जादा नशीन डॉक्टर सैयद हबीब उर रहमान नियाजी ने कहा तीन दिन के उर्स मुबारक में अलग-अलग दिन अलग-अलग कार्यक्रमों रहे पहले दिन देश भर के मशहूर क्लासिकल फनकातो ने अपने फन पेश किया दूसरे दिन शाम को मगरिब के बाद चादरों का सिलसिला शुरू हुआ। देशभर से अकीदतमंदो ने अपनी मुरादों की चादर पेश की रात में कव्वाली की महफिल सजी जो देर रात तक चली। तीसरे दिन कुल की रस्म के साथुरा का समापन हुआ और देश में में ओ अमन रहे, आपसी भाईचारा हमेशा बना रहे दुनिया में जिन लोगो पर जुल्म हो रहे है उनकी हिफाज़त हो फलस्तियो की मदद हो। उन्होंने कहा कि सभी मुरिदो से वादा लिया की एक पेड़ ज़रूर लगाएंगे। दरगाह के नायाब सज्जादानशीन सैयद फैज उर रहमान नियाजी ने कहा देशभर से हजारों की तादाद में मुरीद जयपुर पहुंचे हैं और अपने हकीकत के फूल पेश किए हैं ।

## युवा कांग्रेस ने जुबैर अली खान को जम्मू एवं कश्मीर राज्य का कॉर्डिनेटर बनाया



**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** आगामी समय में होने वाली कई राज्यो के विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस ने महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की। राजस्थान युवा कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश महासचिव जुबैर अली खान को जम्मू एवं कश्मीर राज्य में कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। ज्ञात है कि जुबैर ने इस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में रोहतक, झुंझुनू, सीकर में लोकसभा के प्रभारी के रूप जिम्मेदारी सँभाली व इन तीनो सीटो पर कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## झगड़े में बीच-बचाव कर रहे बुजुर्ग व्यापारी को युवक ने कार से रौंदा

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** झोटवाड़ा थाना इलाके में दो लोगों की लड़ाई में बीच-बचाव करने में एक व्यक्ति की जान चली गई। झगड़ा कर रहे युवक ने बुजुर्ग व्यापारी को कार से रौंद दिया, इससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। घटना के बाद गुस्साए व्यापारियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए पुलिस को हल्का बदल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस के मुताबिक दीप नगर झोटवाड़ा निवासी बनवारी कुमावत (60) तीस साल से दादी का फाटक पर फल-सब्जी की दुकान करते थे। शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे अपनी दुकान पर बैठे थे। सामने पान की दुकान के बाहर तीन-चार युवकों का आपस में झगड़ा हो गया। झगड़ा होते देख बनवारी कुमावत बीच-बचाव करने पहुंचे। झगड़ा करने वाले लड़कों ने शराब पी रखी थी। मारपीट कर रहे युवकों को बनवारी कुमावत समझा रहे थे। इसी दौरान एक लड़का कार में बैठकर भागने लगा। कार सवार युवक ने गाड़ी भगाने के दौरान सामने आए बनवारी कुमावत को टक्कर मार दी। करीब 15 फीट घसीटने के बाद उन्हें रौंदकर कार सवार भाग निकला। स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मेडिकल सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में रखवाया।

**स्थानीय दुकानदारों एवं व्यापारियों ने दुकानें बंद कर किया प्रदर्शन**

घटना को लेकर आक्रोशित व्यापारियों ने शनिवार सुबह दादी का फाटक पर दुकानें बंद कर दीं। व्यापारी घटना के विरोध में धरने पर बैठ गए। मृतक के परिजन मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। झोटवाड़ा थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस आलाधिकारियों ने समझाइश कर मामले को शांत करने का प्रयास किया। एक घंटे की समझाइश के बाद भी व्यापारी व स्थानीय लोग नहीं माने और दादी का फाटक स्थित मेन रोड पर वाहन और बैरिकेड लगाकर सडक बंद कर दी। सुबह करीब 9 बजे इस तरह के प्रदर्शन को देखकर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को वहां से खदेड़ा। करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद ट्रैफिक जाम को खुलवाया।

## अजमेर रेलवे स्टेशन पर जेबतराशी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 6 बदमाश गिरफ्तार

- **राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, यूपी आदि राज्यों में है सक्रिय, 100 से अधिक वारदातें करना कबूला**
- **अजमेर जीआरपी 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाल आरोपियों तक पहुंची**



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/अजमेर (खलील कुरैशी)।** अजमेर जीआरपी पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन पर जेबतराशी की वारदात करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा कर सरगना सहित 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में 100 से अधिक वारदातें करना कबूल किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया है।एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि शुक्रवार को रतलाम निवासी परिवादी रईस खान द्वारा रिपोर्ट दी गई की 1 जुलाई को अजमेर दरगाह जियारत के बाद पत्नी के इलाज के लिए ट्रेन से जयपुर जा रहा था। अजमेर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो पर खड़ी ट्रेन के कोच में चढ़ते समय पांच-छः व्यक्तियों ने घेर कर जेब से 30 हजार रुपये चोरी कर लिए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।एसपी जोशी ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर जेबतराशी की घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश एवं गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीआरपी नरेश शर्मा व सीओ राम अवतार क सुपरविजन एवं एसएचओ जीआरपी अनिल देव के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा रेलवे स्टेशन एवं शहर के अन्य जगहों पर लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाल संदिग्धों की पहचान की।

टीम के सहयोग एवं परिवादी की निशानदेही पर आरोपी अमीनुद्दीन पुत्र शमसुद्दीन (47), हीर सिंह पुत्र शक्ति सिंह (56), आफताब अंसारी पुत्र रियासत अली (50) व हामो खान पुत्र हकीम शाहदुल्लाह (58) निवासी दिल्ली, मोहम्मद शाहजहां आलम पुत्र मोहम्मद याकूब (32) निवासी पटना बिहार हाल नाहरी का नाका जयपुर एवं खुर्शीद आलम पुत्र सिराजुद्दीन (30) निवासी नाहरी का नाका थाना शास्त्री नगर जयपुर को अजमेर से दस्तयाब किया।आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कुल 23 हजार 300 नगद एवं जेबतराशी में प्रयुक्त ब्लेड, कटर एवं बैंडेड जप्त की है। इस गिरोह का मुखिया आफताब अंसारी है, जो वारदात में प्राप्त राशि में से 25% हिस्सा रखता है। यात्री की जेब पर कट या चीरा लगाने का काम यही करता है। गिरोह का एक सदस्य किस यात्री के पास कितनी राशि है इसके बारे में पता लगा अन्य सदस्यों को सूचित करता है।प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने विभिन्न राज्यों में 100 से अधिक वारदातें करना स्वीकार किया है। अधिकांश वारदातें रेलवे स्टेशन नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, यूपी, हरियाणा तथा राजस्थान के जयपुर और अजमेर रेलवे स्टेशन पर किया जाना बताया। शनिवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है।

## पौधारोपण कर शहीद मुकेश कुमार बुनकर का मनाया जन्मदिवस



**चमकता राजस्थान, शाहपुरा (खलील कुरैशी)।** शाहपुरा उपखंड के ग्राम रामपुरा के कोबरा बटालियन शौर्य पदक से सम्मानित शहीद मुकेश कुमार बुनकर के पिता रामसहाय बुनकर, माता कमलादेवी, वीरांगना बीना देवी, आबकारी निरीक्षक पुत्र बृजेश बुनकर ,भाई विकास जेवरिया, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पूरणमल बुनकर, बेटी मोनिका, ममता, ऋषिका सहित परिवारजनों और ग्रामीणों ने शहीद कि जयंती पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर और 100 छायादार और फलदार पेड लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**नक्सलियों से लोहा लेते वक्त शहीद हुए थे बुनकर**

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरण मल बुनकर ने बताया कि शहीद मुकेश कुमार बुनकर 2007 में सीआरपीएफ में चयन हुआ था. वर्ष 2009 में अरुणाचल प्रदेश में चुनावी ड्यूटी के दौरान बूथ केंद्र पर नक्सलीयों ने हमला कर पेटियां ले जाने का प्रयास किया. इस पर शहीद मुकेश कुमार बुनकर ने अपने साथियों के साथ नक्सलियों के छक्के छुड़ा दिए. उनकी जाबांजी को देखते हुए सीधा कोबरा बटालियन में चयन कर लिया गया.वर्ष 2012 में झारखंड के रांची में 50 नक्सलियों ने बटालियन पर हमला कर दिया. नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद मुकेश के 4 गोलियां लगी फिर भी शहीद मुकेश ने चार नक्सलियों को मार गिराया. घायल मुकेश दिल्ली उपचार दौरान 8 दिन बाद 24 सितंबर 2012 को अमर हो गए. वीरांगना बीना देवी को 9 अप्रैल 2015 को दिल्ली आयोजित शौर्य दिवस पर तात्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने मरणोपरांत शौर्य वीरता मेडल से भी सम्मानित किया था।

## एक नजर

### ईरान के राष्ट्रपति चुने गए डॉ. मसूद पेजेश्कियान



**तेहरान।** ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव के नतीजे आ गए हैं। सुधारवादी उम्मीदवार डॉ. मसूद पेजेश्कियान ने रूढ़िवादी सईद जलीली को हराकर राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। देश के चुनाव आयोग ने इसकी घोषणा की है। आयोग के प्रवक्ता मोहसिन एस्लामी ने बताया देश में 49.8 प्रतिशत मतदान हुआ। नया राष्ट्रपति चुनने के लिए करीब 30 मिलियन वोट डाले गए। शुक्रवार के चुनाव के बाद अधिकारियों की ओर से पेश किए गए आंकड़ों में पेजेशकियान को 16.3 मिलियन वोटों के साथ विजेता घोषित किया गया। जलीली को 13.5 मिलियन वोट मिले। ईरान के हार्ट सर्जन और सांसद मसूद पेजेश्कियान ने चुनाव प्रचार के दौरान पश्चिम तक पहुंच बनाने का वादा किया। उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हरा दिया। ईरान में पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की राष्ट्रपति पद पर रहते हुए इसी साल मई में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई थी। इब्राहिम रईसी पूर्वी अजरबैजान प्रांत में बांध का उद्‌घाटन करके लौट रहे थे तभी उनका हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था।

### प्रदेश के ग्वार गम व्यवसाय बचाने के लिए मुख्यमंत्री से अपील



**जोधपुर।** राजस्थान ग्वार दाल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से कृषिमंडी टैक्स के कारण बर्बाद हो रहे गवार गम व्यापार और उद्योग को बचाने की गुहार करते हुए इस बार बजट में राहत देने की मांग की। पड़ोसी राज्यों में मण्डी टैक्स 2.60 प्रतिशत होने के कारण राजस्थान से किसान और व्यापारी पलायन करने लगे हैं यदि इस पलायन को नहीं रोका गया तो धीरे-धीरे राजस्थान से ग्वार गम व्यवसाय का नामो निशान मिट जाएगा। राजस्थान ग्वार दाल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक एस तातेड और सचिव श्रेयांश मेहता ने सवांददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि किसानों और व्यापारियों के साथ-साथ पशुपालक भी बहुत अधिक परेशान है क्योंकि उन्हें पशु आहार भी पंजाब और हरियाणा से महंगे दामों में लाना पड़ रहा है जबकि जोधपुर में ग्वार गम की अच्छी इंडस्ट्री है मगर धीरे-धीरे फैक्ट्रियां बंद हो रही है, मिले बंद होने से यह व्यापार पूरी तरह से चौपट हो रहा है।

### लिफ्ट के बहाने बाइक लेकर भागा

**फतेहाबाद।** लिफ्ट लेकर मोटरसाइकिल पर सवार हुआ युवक बाईक मालिक को झांसा देकर उसका बाइक लेकर फरार हो गया। इस बारे पीड़ित युवक ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। भूना पुलिस को दी शिकायत में हिसार जिले के गांव चमारखेड़ा निवासी बलराज ने कहा है कि गत दिवस वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर उकलाना से अपने गांव चमारखेड़ा आ रहा था। रास्ते में एक युवक मिला जिसने सनियाना तक जाने की बात कही और मोटरसाइकिल पर सवार हो गया। उसने अपना नाम नसीब कुमार निवासी मातनहेल जिला झज्जर बताया।

### मुठभेड़ में हत्या करने वाला अपराधी गिरफ्तार

**कानपुर।** नौबस्ता थाने की पुलिस से सीओडी नाला के पास जंगलों में शुक्रवार की देर रात एक शातिर अपराधी से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम ने गोली से घायल हुए अपराधी को गिरफ्तार करके उपचार के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस कहना है कि शुक्रवार सुबह अधेड़ की हुई हत्या मामले में इसे गिरफ्तार किया गया है। इसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार हत्यारोपित कानपुर नगर के रेउना थाना क्षेत्र के दहेली ग्राम निवासी सौरभ सचान पुत्र भूप नारायण सचान है। इसका उपचार हैलट अस्पताल में चल रहा है।

### हल्द्वानी की कैंसर मरीज को मिला नया जीवन

**हल्द्वानी।** दिल्ली के मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने हल्द्वानी की 39 वर्षीय महिला माया पंत की लाइफ सेविंग सर्जरी सफलतापूर्वक की है। डॉक्टरों ने बताया कि महिला को स्टेज 3 का ओवेरियन कैंसर था। महिला को पेट में गंभीर समस्या थी। अब उनको नया जीवन मिला है और वह पूरी तरह से कैंसर मुक्त हैं। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पटपड़गंज में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर नितिन लीखा ने इस केस के बारे में बताया, "माया पंत को पेट में गड़बड़ी की शिकायत के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### गैंगस्टर अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**फतेहपुर।** जिले में पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ के दौरान बीस हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर रिजवान घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर पुलिस निगरानी में जिला अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। रिजवान गौकशी सहित 40 से अधिक मामलों में वांछित था। हथगांम थाने में उसके खिलाफ दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। हथगाम थाना पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि रिजवान (35) पुत्र जमील पट्टीशाह गांव में छिपा है।

---

सीएम योगी ने जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का लोकार्पण किया, कहा

# बच्चों की पढ़ाई पर खर्च देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अत्यंत उपयोगी

- युवाओं को आगे बढने के अवसर प्रदान करने के लिए कार्य हो रहे हैं
- भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से कार्य हो रही है



**गोरखपुर। एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कोई भी योगदान व्यर्थ नहीं जाता है। बच्चों की पढ़ाई पर किया जाने वाला खर्च समाज और देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अत्यंत उपयोगी होता है क्योंकि शिक्षा व्यक्ति, समाज और देश के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। इसी ध्येय से यूपी के युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए तमाम अभिनव कार्य हो रहे हैं। सरकार वर्तमान और भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

सीएम योगी शनिवार को सहजनवा के सिसवा अनंतपुर में जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का लोकार्पण करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में आज पहले जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय (आश्रम पद्धति) का शुभारंभ हो रहा है। बालकों के लिए इस जिले में आश्रम पद्धति के दो विद्यालय पहले से चल रहे हैं। समाज कल्याण विभाग ने बालिकाओं के लिए भी सर्वोदय विद्यालयों की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की बेहतरीन शिक्षा के लिए सरकार हर ब्लॉक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को भी 12वीं कक्षा तक उच्चीकृत कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वोदय बालिका विद्यालय में अलग अलग जगहों से आई बच्चियां प्रतियोगिता से आई हैं। उनमें जज्बा है, आगे बढ़ने की ललक है। ये बच्चियां अपना करियर तो बनाएंगी ही, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। सीएम ने विद्यालय के प्रधानाचार्य और अधीक्षक से अपील की कि वे बालिकाओं की पढ़ाई, दिनचर्या को व्यवस्थित कराने के साथ उन्हें कौशल विकास, खेल और सामाजिक जागरूकता के कार्यों से भी जोड़ें।

#### बड़े पैमाने पर बन रहे सर्वोदय और एकलव्य विद्यालय

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में बड़े पैमाने पर आश्रम पद्धति विद्यालय बन रहे हैं। समाज कल्याण विभाग जनजातीय क्षेत्रों में इसी तर्ज पर एकलव्य विद्यालय भी बना रहा है। सरकार ने तय किया है कि हर जिले में सीएम कंपोजिट विद्यालय और अभ्युदय विद्यालय भी तेजी से बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण श्रमिकों के बच्चों और निराश्रित बच्चों के लिए हर मंडल में मुफ्त आवसीय व्यवस्था के तहत अटल आवासीय विद्यालय खोले गए हैं जहां बच्चों की 12वीं तक की पढ़ाई के लिए सारी व्यवस्था की गई है।

#### 12वीं तक की पढ़ाई के बाद अभ्युदय कोचिंग की सुविधा

सीएम योगी ने कहा कि बच्चों को 12वीं तक की पढ़ाई के बाद मेडिकल, इंजीनियरिंग, यूपीएससी, सेना, बैंक पीओ आदि की तैयारी के लिए अभ्युदय कोचिंग सेंटर भी खोले गए हैं। यहां बेहतरीन फैकल्टी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं को पास कर अधिकारी बने लोग भी बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं। अभ्युदय कोचिंग की सुविधा फिजिकली और वर्चुअली, दोनों तरीके से उपलब्ध हो रही है।

### हिमाचल में भूस्खलन से 150 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसूनी बारिश कहर बरपा रही है और लोगों को राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। बारिश और भूस्खलन के चलते विभिन्न हिस्सों में यातायात प्रभावित है और सड़कों पर सफर खतरनाक हो गया है। भूस्खलन के चलते राज्य के सिरमौर जिला में एक नेशनल हाइवे सहित 150 सड़कें बंद हो गई हैं। लगातार हो रही वर्षा से 334 बिजली ट्रांसफार्मरों और 55 पानी की स्कीमों के ठप पड़ जाने से विद्युत और पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। सिरमौर जिला के रेणुका विधानसभा हल्के में शनिवार सुबह एक निजी बस भूस्खलन की चपेट में आ गई। संगड़ाह उपमंडल के कालथ के समीप एक बड़ी चट्टान निजी बस पर आ गिरी जिससे बस चालक और एक महिला को चोटें आई है, जबकि अन्य बस सवार सुरक्षित हैं। यह बस रेणुका विधानसभा क्षेत्र के बड़ग से नोहराधार की तरफ जा रही थी। मौसम विभाग ने अगले छह दिन दिन वर्षा, अंधड़ व आकाशीय बिजली का येलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि इस अवधि के दौरान अति भारी बारिश होने की आशंका नहीं है। मौसम विभाग ने खराब मौसम के मद्देनजर लोगों खासतौर पर सैलानियों को सचेत रहने को कहा है।

## उष्ट्र प्रजाति के संरक्षण व विकास की दिशा में एनआरसीसी बेहतरीन कार्य कर रहा : डॉ. राणे





**बीकानेर। एजेंसी**

केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान के निदेशक डॉ. जगदीश राणे ने कहा कि यद्यपि ऊंटों की संख्या घट रही है परंतु उष्ट्र प्रजाति के संरक्षण व विकास की दिशा में एनआरसीसी बेहतरीन कार्य कर रहा है तथा खास बात यह है कि यहां शोध को मानव समाज के स्वास्थ्य लाभ से जोड़कर उसे सिद्ध किया जा रहा है। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र (एनआरसीसी) के 41 वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. राणे ने यह बात कही। उन्होंने वैज्ञानिकों को मार्केटिंग के हिसाब से उत्पाद तैयार कर इनके पेटेंट के लिए तथा युवा उद्यमियों को ऊंटनी के दूध आदि को लेकर स्टार्टअप खोलने केलिए भी प्रेरित किया।

इस समारोह में राजस्थान के जैसलमेर, जोधपुर, झालावाड़, बारां जिलों तथा बीकानेर से गाढ़वाला, भामटसर, मोरखाना आदि के ऊंट पालकों, महिला किसान, दुग्ध उद्यमिता से जुड़े युवा उद्यमियों, बीएसएफ के जवानों, स्कूली बच्चों, बीकानेर स्थित आईसीएआर के विभागाध्यक्षों व एनआरसीसी के सेवा निवृत्त तथा कार्यरत वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित 200 से ज्यादा ने शिरकत की।

केन्द्र के निदेशक व कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.आर.के.सावल ने कहा कि केन्द्र द्वारा ऊंटों के जनन, प्रजनन, आनुवांशिकी, शरीर कार्यिकी, पोषण, स्वास्थ्य आदि को लेकर गहन शोध कार्य किए गए साथ ही बदलते परिवेश में ऊंटों की उपादेयता बढ़ाने के लिए शोध द्वारा ऊंटनी के औषधीय दूध का मानव रोगों यथा-मधुमेह, टी.बी., ऑटिज्म आदि के प्रबंधन में लाभदायक पाया है, फलस्वरूप समाज में इसके प्रति जागरूकता व दूध की स्वीकार्यता भी तेजी से बढ़ी है साथ ही ऊंट पालकों की अतिरिक्त आमदनी बढ़ाने के लिए उष्ट्र पर्यावरणीय पर्यटन विकास कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान में संस्थान में भ्रमणार्थ पर्यटकों की सालाना संख्या लगभग 50 हजार से ऊपर पहुंच गई है।

### उत्तराखंड के लिए आफत बनी बारिश

**देहरादून।** उत्तराखंड में मानसून की बारिश से इन दिनों आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। भारी बारिश से कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक सड़कें अवरुद्ध हैं। नदियां भी उफान पर हैं। वहीं कुमाऊं मंडल के सभी छह जिलों के सभी विद्यालय बंद हैं जबकि गढ़वाल मंडल के पौड़ी व रुद्रप्रयाग जिले के सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। कुल मिलाकर मानसून की बारिश उत्तराखंड के लिए आफत बन गई है। मानसून में कहीं किसी को कोई परेशानी न हो, इसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हर स्तर पर नजर रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को कैंप कार्यालय पर गढ़वाल कमिश्नर और वर्चुअल माध्यम से जुड़े कुमाऊं कमिश्नर के साथ बैठक कर भारी बारिश के बाद प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर परिस्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए जिला और तहसील प्रशासन को 24 घंटे अलर्ट पर रखा जाए। जलभराव की स्थिति में आपदा प्रभावितों के रहने-खाने का उचित प्रबंधन किया जाए। धामी ने कहा कि तहसील स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम से भी लगातार संपर्क बनाकर रखा जाए।

## ब्रिटेन की नई सरकार में डेविड लैमी बने विदेश मंत्री

- रेचल रीव्स को वित्त और जॉन हीली बने रक्षामंत्री

**इंग्लैंड। एजेंसी**

ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को लेबर पार्टी की शानदार जीत के बाद प्रधानमंत्री पद संभालने के कुछ ही घंटों बाद एंजेला रेनर को अपना डिप्टी नियुक्त किया जबकि डेविड लैमी को नया विदेश मंत्री और जॉन हीली को रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को ब्रिटेन की पहली महिला वित्त मंत्री के रूप में रेचल रीव्स और अपनी डिप्टी के रूप में एंजेला रेनर को नियुक्त किया। स्टार्मर ने डेविड लैमी को ब्रिटेन का नया विदेश मंत्री और जॉन हीली को रक्षा मंत्री नियुक्त किया जबकि यवेट कूपर आंतरिक मंत्री बनीं, जिन्हें गृह सचिव के रूप में जाना जाता है, जो घरेलू सुरक्षा और पुलिसिंग की देखरेख करता है।



ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को लेबर पार्टी की शानदार जीत के बाद प्रधानमंत्री पद संभालने के कुछ ही घंटों बाद एंजेला रेनर को अपना डिप्टी नियुक्त किया।

44 वर्षीय रेनर, स्टार्मर द्वारा अपने मंत्रिमंडल में पहली पुष्टि की गई नियुक्ति थीं। डाउनिंग स्ट्रीट ने एक बयान में कहा कि वह लेवलिंग अप, आवास और समुदायों के लिए मंत्री का पद भी संभालेंगी। रेचल रीव्स लेबर सरकार में वित्त मंत्री या चांसलर ऑफ द एक्सचेकर की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे वह वित्त मंत्री की भूमिका निभाने वाली ब्रिटेन की पहली महिला बन गई हैं।

## सरकार को अपने राजनैतिक स्वार्थ में ढीला नहीं पड़ना चाहिए : मायावती



**लखनऊ। एजेंसी**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने हाथरस की घटना पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि हाथरस काण्ड में बाबा भोले सहित अन्य जो भी दोषी हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे अन्य और बाबाओं के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी जरूरी। इस मामले में सरकार को अपने राजनैतिक स्वार्थ में ढीला नहीं पड़ना चाहिए ताकि आगे लोगों को अपनी जान ना गवांनी पड़े।

मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि देश में गरीबों, दलितों व पीड़ितों आदि को अपनी गरीबी व अन्य सभी दुःखों को दूर करने के लिए हाथरस के भोले बाबा जैसे अनेकों और बाबाओं के अन्धविश्वास व पाखण्डवाद के बहकावे में आकर अपने दुःख व पीड़ा को और नहीं बढ़ाना चाहिए, यही उनकी सलाह है। उन्होंने कहा कि, बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के बताए हुए रास्तों पर चलकर इन्हें सत्ता खुद अपने हाथों में लेकर अपनी तकदीर खुद बदलनी होगी। अर्थात इन्हें अपनी पार्टी बीएसपी से ही जुड़ना होगा, तभी ये लोग हाथरस जैसे काण्डों से बच सकते हैं, जिसमें 121 लोगों की हुई मृत्यु अति-चिन्ताजनक है।

## जांच रिपोर्ट समय पर लाने के लिए कई जगह पर प्रयोगशाला खोली गई : हाईकोर्ट



**जयपुर। एजेंसी**

राजस्थान हाईकोर्ट ने पॉक्सो प्रकरणों में अनुसंधान में देरी और डीएनए रिपोर्ट समय पर नहीं आने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि पॉक्सो कानून बने 12 साल बीत गए हैं, लेकिन अभी तक डीएनए जांच के लिए पर्याप्त प्रयोगशाला ही नहीं है। अदालत ने कहा कि सरकार के मंत्री बयान देते हैं कि तीन माह में न्याय कराएंगे, लेकिन पुलिस छह माह में तो प्रकरण को एफएसएल में ही नहीं भेजती। वहीं दो-दो साल तक एफएसएल रिपोर्ट नहीं आती। जिसके चलते दस साल तक पॉक्सो केस लंबित रहते हैं, जबकि कानून में इन प्रकरणों को निस्तारित करने की समय सीमा तय की गई है। अदालत ने कहा कि जिन छोटी बच्चियों से दुष्कर्म हुआ है, उन पर क्या बीतती होगी। जस्टिस उमाशंकर ने यह टिप्पणी पॉक्सो प्रकरण से जुडे एक मामले में की। अदालत ने राज्य सरकार को कहा कि वह इस संबंध में उचित कदम उठाए। सुनवाई के दौरान अदालत ने महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद को बुलाकर पूछा कि एफएसएल और डीएनए रिपोर्ट समय पर क्यों नहीं आ रही। जिस पर एजी ने कहा कि जांच रिपोर्ट समय पर लाने के लिए कई जगह पर प्रयोगशाला खोली गई है। राज्य सरकार डीएनए व एफएसएल जांच को लेकर गंभीर है। इसके अलावा आगामी बजट में भी नई प्रयोगशाला के लिए बजट में राशि मंजूर कार्रवाई जाएगी। महाधिवक्ता ने अदालत को आश्वस्त किया कि एफएसएल और डीएनए रिपोर्ट को कम समय में कोर्ट में पेश करवाया जाएगा, ताकि केसों की सुनवाई जल्दी पूरी हो सके।

### चिकित्सा सेवा शु:ल्क कम होने से मरीजों को राहत

**देहरादून।** प्रदेश की धामी सरकार ने राज्य के सरकारी चिकित्सालयों में अब मरीजों को ओपीडी और आईपीडी पंजीकरण के लिए शुल्क कम करके बड़ी राहत दी ही। यही नहीं एंबुलेंस और बेड चार्जेज भी कम देना होगा। वित्त मंत्री ने प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन दे दिया है, जल्द ही यह राज्य के सरकारी चिकित्सालयों में लागू होगा। इससे जनसामान्य पर अनावश्यक वृद्धि का भार कम होगा। वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि राज्य की विषय भौगोलिक परिस्थितियों एवं कमजोर आर्थिक स्थितियों के कारण पर्वतीय जनपदों में आम जनमानस केवल राजकीय चिकित्सालयों पर ही निर्भर हैं। इसके चलते राज्य सरकार ने चिकित्सा सेवा शुल्क की दरों को कम किये जाने का विचार किया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओपीडी में अभी तक 13 रुपये लिया जा रहा है, जिसे अब 10 रुपये किया गया हैं। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 15 रुपये से 10 रुपये, जबकि जिला व उप जिला चिकित्सालय में 28 रुपये से 20 रुपये किया गया है।

---

**विकसित** | **प्रजाति की तितलियां छह से सात दिन तक ही जीवित रहती हैं**

# कुशीनगर में बनेगा बटरफ्लाई पार्क, विदेशी पर्यटक होंगे आकर्षित

- कुलकुला जंगल में तितलियों के लिए उपयुक्त विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे और तितलियों की अनेक प्रजातियां मौजूद हैं
- तितलियों की कुछ और प्रजाति बढ़ाकर पार्क विकसित करने की योजना बनाने का निर्देश है



**कुशीनगर। एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय पर्यटक केंद्र कुशीनगर में वन विभाग ने बटरफ्लाई पार्क (तितली उद्यान) विकसित करने की योजना बनाई है। इसके लिए कुलकुला जंगल का चयन किया गया है। शासन ने इसके लिए प्रस्ताव मांगा है। वन विभाग योजना तैयार करने में जुट गया है। पार्क के विकसित हो जाने पर यह भी कुशीनगर आने वाले भारतीय व विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का एक महत्वपूर्ण केंद्र हो जाएगा।

सामाजिक वानिकी प्रभाग कसया रेंज के अंतर्गत कुलकुला जंगल में विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे हैं जो तितलियों के लिए उपयुक्त है। यहां तितलियों की कई प्रजातियां मौजूद हैं। वन विभाग ने कुलकुला में तितलियों की कुछ और प्रजातियों को लाकर तितली पार्क विकसित करने की योजना बनाई है। कुलकुला भगवान बुद्ध से सम्बंधित प्राचीन ऐतिहासिक स्थल है। यहां हिरण्यवती, ककुत्था व सोनरा नदी का संगम है। 250 एकड़ के वन क्षेत्र में लंगूर, मोर, साही आदि वन्य जीव भी काफी संख्या में रहते हैं।

**विश्व में तितलियों की दो हजार प्रजाति**

विश्व में तितलियों की लगभग दो हजार प्रजातियां हैं। भारत में एक हजार पांच सौ से एक हजार सात सौ प्रजातियां पाई जाती हैं। अधिकांश प्रजातियों की औसत आयु 30 दिन होती है। कुछ प्रजाति की तितलियां छह से सात दिन तक ही जीवित रहती हैं। क्षेत्रीय वन अधिकारी जयंत सिंह राणा ने बताया कि कुलकुला जंगल में तितलियों के लिए उपयुक्त विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधे और तितलियों की अनेक प्रजातियां मौजूद हैं। यहां तितलियों की कुछ और प्रजाति बढ़ाकर पार्क विकसित करने की योजना बनाने का निर्देश है। अनुमोदन व बजट की मंजूरी के बाद आगे की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।

## केअर स्टॉर्मर ने संभाला ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पद, ऋषि सुनक ने दिया इस्तीफा




**लंदन। एजेंसी**

ब्रिटेन के आम चुनाव में लेबर पार्टी की प्रचंड जीत के बाद केअर स्टॉर्मर ने देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शुक्रवार को कार्यभार संभालने के बाद देशवासियों के 'हृदय में व्याप्त निराशा' को दूर करने और राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। इससे पहले चुनाव में भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को करारी हार के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। चुनाव में प्रचंड जीत के बाद 61 वर्षीय स्टॉर्मर ने बकिंघम पैलेस में महाराजा चार्ल्स तृतीय के साथ रस्मी बैठक के बाद 58वें प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। लेबर पार्टी ने 650 सदस्यीय 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में 412 सीट हासिल कीं। यह संख्या 2019 में पिछले चुनाव में प्राप्त सीट से 211 अधिक है। सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी ने 121 सीट पर जीत दर्ज की जो पिछले चुनाव में प्राप्त सीट से 250 कम हैं। लेबर पार्टी का मत प्रतिशत 33.7 रहा, जबकि कंजर्वेटिव पार्टी का मत प्रतिशत 23.7 रहा। स्टॉर्मर ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास, 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर अपने संबोधन में कहा हमारे देश ने परिवर्तन, राष्ट्रीय नवीनीकरण और सार्वजनिक सेवा के लिए राजनीति की वापसी के वास्ते निर्णायक रूप से मतदान किया है। स्टॉर्मर ने कहा कि आगे का काम 'अत्यावश्यक है और हम इसे आज ही शुरू कर रहे हैं'। हालाँकि, उन्होंने कहा कि यह 'स्विच दबाने' जितना आसान नहीं होगा।

# सदस्य इकाइयों से डाउनलोड होंगे खिलाड़ियों के पहचानपत्र: हॉकी इंडिया





**नयी दिल्ली। एजेंसी**

हॉकी इंडिया की ई-गवर्नेंस की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अब खिलाड़ी सदस्य इकाइयों के पोर्टल से सीधे अपने पहचान पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों के लिए डिजिटल पहचान पत्र को जारी करने की प्रणाली शुरूआत कर दी है। यह नई प्रणाली पहचान पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। यह कई प्रमुख सुविधाएँ प्रदान करती है। पंजीकरण और अनुमोदन प्रक्रिया में सदस्य इकाई पोर्टल पर खिलाड़ी पंजीकरण, सभी आवश्यक व्यक्तिगत विवरण तथा दस्तावेज प्रस्तुत करना, सदस्य इकाई द्वारा प्रोफाइल की समीक्षा, हॉकी इंडिया को स्वीकृत प्रोफाइल प्रस्तुत करना, हॉकी इंडिया द्वारा अंतिम समीक्षा और अनुमोदन तथा आखिर में खिलाड़ियों को सदस्य इकाई पोर्टल पर अपना विवरण दर्ज करके सीधे अपना डिजिटल आईडी कार्ड डाउनलोड करने की क्षमता शामिल है।

इन सुविधाओं को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप सिंह तिर्की ने कहा हमें आधार कार्ड मॉडल की तरह डिजिटल खिलाड़ी पहचान पत्र पेश करने पर बहुत गर्व है। यह एक अच्छी पहल है । हॉकी इंडिया का यह कदम न केवल हमारे खिलाड़ियों के लिए पहचान पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, बल्कि पहुंच और सुविधा को भी काफी हद तक बढ़ाता है। प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक तथा सरल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता अटूट है, यह उस दिशा में एक बड़ा कदम है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि डिजिटल खिलाड़ी पहचान पत्र की शुरूआत हॉकी इंडिया के नवाचार और दक्षता के प्रति समर्पण का प्रमाण है। इस डिजिटल प्रणाली को अपनाकर देश भर के खिलाड़ी अपने पहचानपत्र को तेजी से और सुरक्षित रूप से प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल हमारे एथलीटों और सहयोगी कर्मचारियों के अनुभव को बेहतर बनाने के हमारे निरंतर प्रयासों को दशार्ती है। यह खिलाड़ियों के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध संसाधन है।

## आईपीएल में बतौर कप्तान मैंने बहुत कुछ सीखा : शुभमन गिल

**हरारे। एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने शनिवार को कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बतौर कप्तान मुझे बहुत कुछ सिखने को मिला है। भारत और जिम्बाब्वे के बीच पहले टी-20 मैच से पहले प्रेस वार्ता में शुभमन गिल ने कहा आईपीएल में पहली बार कप्तानी करने पर मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं स्वयं को और बेहतर ढंग से जाना पाया और कप्तानी के दृष्टिकोण से भी मैंने बहुत कुछ सिखा। एक कप्तान के तौर पर आपके सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि आप टीम के खिलाड़ियों को मानसिक तौर पर कैसे तैयार करते हैं। हर के किसी पास कौशल होता है और आपको बतौर कप्तान उन्हें आत्मविश्वास दिलाना होता है ताकि वह अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा टी-20 विश्वकप टीम से हमारी टीम बेहद अलग है। हमारी टीम में कई युवा खिलाड़ी मौजूद हैं, जिसमें मैं भी शामिल हूं। हम इन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट का अनुभव देना चाहते हैं। बहुत खिलाड़ियों अधिक मैच नहीं खेले हैं और कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं जोकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण कर रहे है।

## मार्क के आने से बेहतर होगी ईस्टबंगाल की टीम : प्रबंधन

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल एफसी ने मिजोरम के मार्क जोथनपुइया से करार किया है। जोथनपुइया 2026-27 सत्र के अंत तक ईस्ट बंगाल से खेलेंगे। टीम प्रबंधन के अनुसार जोथनपुइया के आने से टीम को मिडफील्ड और रक्षापंक्ति के लिए एक बेहतर खिलाड़ी मिल जाएगा। ईस्ट बंगाल एफसी प्रबंधने ने जोथनपुइया को शामिल किये जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इस खिलाड़ी के आने से टीम का प्रदर्शन बेहतर होगा। साथ ही कहा कि जोथनपुइया देश के सबसे उभरते हुए युवा खिलाड़ियों में से एक हैं। वह हमारी टीम में एक मूल्यवान सदस्य होंगे। उनका भविष्य उज्ज्वल है और हम उनसे बेहतरीन प्रदर्शन लेने का प्रयास करेंगे। जोथनपुइया ने एफसी पुणे सिटी की युवा टीम और फिर हैदराबाद एफसी की मुख्य टीम की ओर से 2020-21 सत्र में खेला है। वह 2021-22 सत्र में आईएसएल विजेता टीम में शामिल रहे हैं। जोथनपुइया अभी भारतीय अंडर-23 टीम से खेलते हैं। एफसी ने जोथनपुइया के साथ तीन साल के लिए करार किया है।

## एक नजर

### कनाडा ओपन : राजावत ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी को दी शिकस्त



**कैलगरी।** उभरते भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीय और विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराकर कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने शुक्रवार रात एक घंटे 19 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में एंटोनसेन को 21-11, 17-21, 21-19 से हराया। एंटोनसेन के खिलाफ जीत 22 वर्षीय राजावत की शीर्ष-10 खिलाड़ियों पर पहली जीत है। वह सेमीफाइनल में फ्रांस के एलेक्स लैनियर से भिड़ेंगे, जो उनका दूसरा विश्व टूर सुपर 500 सेमीफाइनल होगा। हालांकि, ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को चीनी ताइपे की पेई शान हसीह और एन-त्जु हंग की जोड़ी ने 18-21, 21-19, 16-21 से हराया। राजावत प्रतियोगिता में बचे एकमात्र भारतीय हैं। उन्होंने पहले और दूसरे दौर में क्रमशः उच्च रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों - विश्व में 24वें नंबर के डेनमार्क के रासमस गेम्के और 33वें स्थान पर काबिज जापान के ताकुमा ओबैयाशी के खिलाफ जीत हासिल की थी।

### भांबरी और ओलिवेट्टी की जोड़ी विंबलडन के युगल मुकाबले में हारी



**लंदन।** भारत के यूकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट्टी को जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। दूसरे दौर में भांबरी और ओलिवेट्टी की जोड़ी ने शानदार शुरूआत करते हुए पहला सेट जीता लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और क्राविएट्ज और पुएट्ज की जर्मन जोड़ी से दो घंटे पांच मिनट तक चले मुकाबले में 6-4 4-6 3-6 से हार गए। उल्लेखनीय है कि यूकी भांबरी और फ्रांस के ओलिवेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक और अलेक्जेंडर शेवचेंको की जोड़ी को हराकर विम्बलडन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में जगह बनाई थी।

## यूरो 2024 : स्पेन सेमीफाइनल में, जर्मनी को 2-1 से हराया

**स्टटगार्ट। एजेंसी**




स्पेन ने शुक्रवार रात एमएचपीएरिना में चल रहे यूरो 2024 के क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। द जर्मनी के टूनार्मेंट से बाहर होने के साथ ही जर्मनी के करिश्माई मिडफील्डर टोनी क्रूस के करियर पर भी पर्दा गिर गया और उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया।

स्पेन को शुरूआती झटका तब लगा जब पेड्री चोटिल हो गए, जिसके कारण हेड कोच लुइस डे ला फुएंते को उनकी जगह डैनी ओल्मो को लाना पड़ा। जर्मनी ने गेंद पर कब्जा करना जारी रखा, लेकिन इसका पूरा फायदा उठाने और आक्रमण में सार्थक योगदान देने में संघर्ष किया। मैच के 21वें मिनट में जर्मनी को गोल करने का मौका मिला, लेकिन स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन ने काई हैवर्ट को शॉट को रोक लिया। पहले हाफ में गोल रहित समाप्ति से पहले स्पेन के पास गतिरोध को तोड़ने का एक आखिरी मौका था। ओल्मो ने एक शॉट लिया, जिसे नेउर ने रोक दिया। गेंद अल्वारो मोराटा के पैरों में गिरी, लेकिन डिफेंडर जोनाथन ताह ने उसे गोल करने से रोक दिया। दूसरे हाफ में स्पेन ने जर्मनी के दरवाजे पर दस्तक देना जारी रखा और आखिरकार 51वें मिनट में उसे सफलता मिल गई। लैमिन यामल ने ओल्मो के लिए गेंद को बेहतरीन तरीके से सेट किया, जिन्होंने बॉक्स में देर से दौड़ लगाई और आसानी से गेंद को गोल पोस्ट में डाल दिया और स्पेन को 1-0 की बढ़त दिला दी। अतिरिक्त समय में एक मिनट शेष रहते, फ्लोरियन विट्र्ज. ने बेहतरीन गोल कर जर्मनी को बराबरी दिला दी।

स्कोरलाइन 1-1 होने के बाद खेल अतिरिक्त समय में चला गया। अतिरिक्त समय का पहला पीरियड स्कोरलाइन में कोई बदलाव किए बिना समाप्त हो गया। जब लगा कि खेल पेनाल्टी तक जाएगा, तभी मिकेल मेरिनो ने अंतिम क्षणों में जादुई गोल किया और स्पेन को 2-1 से जीत मिल गई।

## यूरो 2024 : फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में हराया

**बर्लिन। एजेंसी**



फ्रांस ने शुक्रवार रात हैम्बर्ग के वोक्सपार्क स्टेडियम में पेनल्टी शूट आउट में पुर्तगाल को 5-3 (0-0) से हराकर यूरो 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फ्रांस और पुर्तगाल ने पहले हाफ में बराबरी का खेल दिखाया तथा दोनों टीमों को मैदान के दोनों छोर पर भरपूर मौके मिले। पहले हाफ में पुर्तगाल को 16वें मिनट में मौका मिला, लेकिन ब्रूनो फर्नांडीस के शॉट को फ्रांसीसी डिफेंडर विलियम सलीबा ने रोक लिया। चार मिनट बाद फ्रांस ने पहले हाफ का सबसे अच्छा मौका बनाया, जब थियो हर्नांडेज ने दूर से एक बेहतरीन शॉट लगाया, लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर डिओगो कोस्टा ने शानदार बचाव किया। हाफ-टाइम के बाद, पुर्तगाल ने बागडोर संभाली और 60वें मिनट में जोआओ कैंसेलो की थ्रू बॉल फर्नांडीस के पास पहुंची, जिसका ड्रिल किया गया प्रयास लेस ब्लेस के गोलकीपर माइक मैगनन ने बचा लिया। फ्रांस 66वें मिनट में गोल करने के लगभग करीब पहुंच गया था, लेकिन रुबेन डायस ने अंतिम समय में रैंडल कोलो मुआनी के शॉट को रोक दिया। गोल रहित 120 मिनट के बाद, पेनल्टी शूटआउट से निर्णय लेने का फैसला किया गया, जिसमें फ्रांस ने 5-3 से बाजी मारकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फ्रांस मंगलवार को म्यूनिख के एलियांज एरेना में सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा।

## पेरिस ओलंपिक 2024 में युगांडा का प्रतिनिधित्व करेंगे 20 एथलीट

**कंपाला। एजेंसी**



युगांडा एथलेटिक्स फेडरेशन (यूएएफ) ने 20 एथलीटों की एक टीम घोषित की है, जो पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। फ्रांस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले खेलों में दुनिया भर के 10,000 से ज्यादा शीर्ष एथलीट हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को ट्रैक और फील्ड टीम की घोषणा करते हुए, यूएएफ के अध्यक्ष डोमिनिक ओटुचेट ने स्पष्ट किया कि टीम में अनुभवी एथलीट शामिल हैं, जो देश के लिए पदक जीतने की क्षमता रखते हैं। ओटुचेट ने कहा हमारे पास ऐसे एथलीट हैं, जो बड़े मंच पर सिद्ध और परखे हुए हैं। विश्व स्टार जोशुआ चेप्टेगी, जिन्होंने 2020 में टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीता था, हाफ मैराथन विश्व रिकॉर्ड धारक जैकब किप्लिमो के साथ युगांडा की टीम का नेतृत्व करेंगे। दोनों 5,000 मीटर और 10,000 मीटर के फाइनल में भिड़ेंगे। किप्लिमो ने कहा टोक्यो में पिछले ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने के बाद, मेरा लक्ष्य अब सुधार करना और स्वर्ण पदक जीतना है। मुझे पता है कि इसे हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी होगी और मैं पहले से ही कड़ी मेहनत कर रहा हूं। महिला एथलीट पेरुथ चेमुताई, जिन्होंने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता, वे भी युगांडा की टीम के लिए पदक की उम्मीद होंगी। टीम में 10 पुरुष और 10 महिला एथलीट हैं, जबकि दो अन्य, बेलिंडा चेमुताई और लोइस चेकवेमोई प्रतीक्षा सूची में हैं। ट्रैक और फील्ड एथलीटों के अलावा, युगांडा में दो तैराक, एक साइकिल चालक और रोइंग में एक महिला एथलीट भी शामिल होंगी।

**युगांडा की टीम इस प्रकार है:-**

**पुरुष :** टार्सिस ग्रेशियस ओरोगोट (200 मीटर), टॉम ड्राड्रिगा (800 मीटर), जैकब किप्लिमो, जोशुआ चेप्टेगी (5,000 मीटर/10,000 मीटर), ऑस्कर चेलिमो (5,000 मीटर), मार्टिन मैगेंगो किप्रोटिच (10,000 मीटर), लियोनार्ड चेमुताई (3,000 मीटर एससी), विक्टर किपलांगट, स्टीफन किसा, एंड्रयू रोटिच क्वेमोई (मैराथन)

**महिला :** हलीमा नकायी (800 मीटर), विनी नान्योंडो (1,500 मीटर), जॉय चेप्टोएक (5,000 मीटर/10,000 मीटर), एस्तेर चेबेट (5,000 मीटर), सारा चेलंगट, एनेट चेमेंगिच चेलंगट (10,000 मीटर), पेरुथ चेमुताई (3,000 मीटर एससी), स्टेला चेसांग, रेबेका चेप्टेगी, मसीलाइन चेलंगट (मैराथन)।

**प्रतीक्षा सूची :** बेलिंडा चेमुताई (5,000 मीटर), लोइस चेकवेमोई (3,000 मीटर एससी)

# वाणिज्य



## आर्थिक लचीलापन बढ़ाने के लिए नवाचारी नीतियों की जरूरत: प्रो पांडे

**नयी दिल्ली। एजेंसी**


● उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटल परिवर्तन रणनीतियों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कुलपति प्रो. जे.पी. पांडे ने कहा कि आर्थिक लचीलापन बढ़ाने में नवाचारी नीतियों पर जोर दिये जाने की जरूरत है। प्रो पांडे ने जैपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट गाजियाबाद द्वारा लचीली अर्थव्यवस्था का निमार्णः सतत् विकास के लिए नीतियां और रणनीतियां पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर सतत विकास प्राप्त करने के लिए शिक्षा, उद्योग और नीति निमार्ताओं के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

सम्मेलन में जापान के कोनान विश्वविद्यालय के प्रो. केन निशिकावा और जैपुरिया टीम का नेतृत्व सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष शिशिर जैपुरिया ने किया। प्रो. केन निशिकावा ने आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर अपने व्यापक शोध को साझा किया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटल परिवर्तन रणनीतियों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। श्री जैपुरिया ने भारत के लिए एक लचीली अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग करने, विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने, बुनियादी ढांचे के विकास और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के महत्व को रेखांकित किया।

## होरिबा के मेडिकल उपकरण एवं कंज्यूमेबल्स विनिर्माण इकाई का उद्घाटन

**नागपुर। एजेंसी**



जीवन के लिए आवश्यक ऊर्जा और पर्यावरण, बायो एवं हेल्थकेयर और मैटेरियल एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्रों के लिए एनालिटिकल उपकरण एवं मेजरमेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली जापान की कंपनी होरिबा लिमिटेड समूह की कंपनी होरिबा इंडिया ने नागपुर के बुटीबोरी में आज अपनी अत्याधुनिक मेडिकल उपकरण एवं कंज्यूमेबल्स विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया।

कंपनी ने कहा कि यह इकाई आत्मनिर्भर भारत और विश्व के लिए मेड इन इंडिया के विजन के अनुरूप है और यह भारत के सबसे बड़े मेडिकल उपकरण एवं कंज्यूमेबल्स (रीजेंट्स) विनिर्माण इकाइयों में से एक होगी। चरणबद्ध तरीके से करीब 200 करोड़ रुपये (3.8 अरब जापानी येन) के निवेश से नागपुर की यह इकाई पूरे भारत में 30,000 से अधिक डायग्नोस्टिक लैब और अस्पतालों को सेवाएं देगी और यह भारत में होरिबा का तीसरा सबसे महत्वपूर्ण निवेश है जिससे टियर-2 शहरों में रोजगार के अवसरों का सृजन करने की इसकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। होरिबा लिमिटेड का वैश्विक कारोबार 2.3 अरब डॉलर है। 'सेलेब्रेटिंग हॉनमैमन' थीम पर आयोजित इस उद्घाटन समारोह में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, होरिबा लिमिटेड के अध्यक्ष एवं ग्रुप सीईओ अत्सुशी होरिबा, होरिबा लिमिटेड, जापान के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर और होरिबा इंडिया के अध्यक्ष डाक्टर जय हकु और होरिबा लिमिटेड, जापान के कॉरपोरेट ऑफिसर और होरिबा इंडिया के अध्यक्ष डाक्टर राजीव गौतम उपस्थित थे।

हॉनमैमन एक जापानी शब्द है जो प्रामाणिकता और उत्कृष्टता को द्योतक है और यह होरिबा का इसकी टेक्नोलॉजी और मानव संपत्ति के प्रति इसका समर्पण परिलक्षित करता है। श्री होरिबा ने भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा होरिबा इंडिया की नागपुर इकाई भारत और जापान के संबंधों को मजबूत करने, भारत के बायो एवं हेल्थकेयर क्षेत्र में योगदान करने की दिशा में हमारी यात्रा और मेक इन इंडिया को लेकर हमारी प्रतिबद्धता में एक बड़ा मील का पत्थर है। यह इकाई नवप्रवर्तन एवं उत्कृष्टता को लेकर हमारे समर्पण का एक प्रमाण है। हमारा लक्ष्य ना केवल स्थानीय स्तर पर विश्वस्तरीय मेडिकल उपकरणों का विनिर्माण करना है, बल्कि होरिबा इंडिया टेक्निकल इंस्टीट्यूट के जरिए समग्र प्रशिक्षण एवं विकास उपलब्ध कराना है।

## पीएनबी पर रिजर्व बैंक ने किया 1.31 करोड़ का जुर्माना

**नयी दिल्ली। एजेंसी**




भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) पर 1.31 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना किया है। रिजर्व बैंक ने कल देर रात जारी आदेश में कहा कि पंजाब नेशनल बैंक पर ऋण और अग्रिमः वैधानिक और अन्य प्रतिबंध और अपने ग्राहक को जानें निर्देश, 2016 के निर्देशों के अनुपालन नहीं करने पर 1,31,80,000 रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। केन्द्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत लगाया गया है। केन्द्रीय बैंक ने 31 मार्च, 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में बैंक का पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए वैधानिक निरीक्षण किया गया था। उसके निर्देशों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार का पालन न करने के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को एक नोटिस जारी किया गया था जिसमें उसे कारण बताने की सलाह दी गई थी कि उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। निदेशों का पालन करने में विफल रहा।

नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दिए गए मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद रिजर्व बैंक ने पाया कि बैंक के खिलाफ आरोप सही पाए गए, जिसके लिए मौद्रिक दंड लगाया जाना उचित था।

# रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए 'रेल मदद' ऐप की सुविधा दी जा रही

## आगरा मंडल में माह जून -2024 में रेल मदद ऐप पर 634 शिकायतों का 37 मिनट के औसत समय में तत्काल निस्तारण

चमकता राजस्थान

आगरा संवाददाता की रिपोर्ट मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के निर्देशन में रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए 'रेल मदद' ऐप की सुविधा दी जा रही है। ट्रेन से जुड़ी शिकायतो पर रेल मदद ऐप व (एक्स)ट्विटर अकाउंट पर लगातार निगरानी रखी जा रही है!ट्रेनों में सफर के दौरान यात्री रेल मदद ऐप की सहायता से मदद या फिर ट्रेन से जुड़ी शिकायत कर सकते हैं। इसमें ट्रेन में साफ- सफाई, पानी की उपलब्धता, बुजुर्ग यात्रियों को ऊपरी बर्थ की जगह नीचे वाली बर्थ, बुजुर्ग की दवाई, बच्चे को दूध या फिर किसी भी प्रकार की चिकित्सीय मदद ली जा सकती है। आगरा मंडल में माह जून -2024 में 634 शिकायतों का 37 मिनट के औसत समय में तत्काल निस्तारण किया गया है! आगरा मंडल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए संकल्पित है। आगरा मंडल द्वारा कई उदाहरण चिन्हित किये है! जैसे उदाहरण- 1, एक यात्री ने हेल्पलाइन नं.-139 पर कॉल करके यात्रा के दौरान हुई असुविधा के सम्बन्ध में बताया जिस पर वाणिज्य नियंत्रक द्वारा कोच में कार्यरत टिकट जांच कर्मचारी को सूचित कर यात्री की समस्या का समाधान किया '

उदाहरण- 2, गाड़ी संख्या 12616 में जयश्री अग्रवाल जिनकी यात्रा मथुरा जंक्शन से नागपुर जंक्शन तक थी जिनका मोबाइल एवं मोबाइल चार्जर भूलवश मथुरा जंक्शन के महिला प्रतिक्षालय में ही रह गया! जिसकी सूचना मिलने पर मथुरा जंक्शन पर कार्यरत उप स्टेशन प्रबंधक/वाणिज्य आशीष कम्बोज ने त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला प्रतिक्षालय में जाकर मोबाइल एवं मोबाइल चार्जर को खोजा एवं यात्री के परिजन को सकुशल सूपुर्द किया गया ।

उदाहरण-3, गाड़ी संख्या- 20404 के बी-4 कोच में एक बच्चा आर्यन कुमार उम्र-12 वर्ष घर से नाराज होकर उक्त गाड़ी में बैठ गयो जिसका पता उक्त गाड़ी में कार्यरत टीटीआई/मथुरा जं. एस दुबे एवं कंडक्टर एस एस शर्मा को चलने पर इन्होने मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए मुख्य वाणिज्य नियंत्रक कानपुर को सूचित किया एवं उक्त बच्चे से उसके परिजन का नंबर लेकर उनको विडियो कॉल के माध्यम से बच्चे की पहचान कराई एवं बच्चे का उक्त गाड़ी में होना सुनिश्चित करायो गाड़ी के कानपुर पहुंचने पर जितेन्द्र कुमार हेड टीटी को मेमो के साथ बच्चे को सुपुर्द किया गया।

उदाहरण- 4, दिनांक 28.06.2024 को "12547 आगरा छावनी साबरमती एक्सप्रैस के कोच र-4 की वाशबेसिन साफ ना होने" के संबंध में यात्री साहिल गुप्ता द्वारा यात्रा करने के दौरान हुई असुविधा पर यात्री द्वारा मंडल रेल प्रबंधक, आगरा के (एक्स) ट्विटर अकाउंट पर शिकायत दर्ज की गई जिस संबंध में त्वरित कार्यवाई कर समस्या का समाधान रेलवे द्वारा तुरंत किया गया जिस पर यात्री द्वारा रेलवे को धन्यवाद दिया गया तथा डइलर कर्मचारीयो की प्रशंसा की गई।

उदाहरण- 5,- दिनांक 30.06.2024 को "11905 होशियारपुर एक्सप्रैस के कोच अ1 में बर्थ संख्या 23 फ्अउ में यात्री आगरा से चंडीगढ़ तक यात्रा कर रहे थे कोच अटेंडेंट ने केवल एक बिस्तर और एक तकिया दिया और दूसरा तकिया/बिस्तर देने से इनकार कर दिया " इसके संबंध में यात्री मनीष द्वारा यात्रा करने के दौरान हुई असुविधा पर यात्री द्वारा मंडल रेल प्रबंधक, आगरा के (एक्स)ट्विटर अकाउंट पर शिकायत दर्ज की गई जिस संबंध में त्वरित कार्यवाई कर समस्या का समाधान रेलवे द्वारा तुरंत किया गया।




### तत्काल निवारण करना है उद्देश्य

रेलवे ऐप के जरिए ऑनलाइन सुविधाओं दे रही है, ताकि आसानी से शिकायतें पहुंच सके और उनका निवारण भी तत्काल किया जाए। रेल मदद ऐप के जरिए सफर के दौरान पानी, बिजली, सफाई सहित अन्य शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। इसके साथ ही किसी भी तरह की समस्या भी इस ऐप के जरिए कर सकते हैं। सुविधाएं मांगने या शिकायत करने के लिए जनरल डिटेल्स, घटना की तारीख, घटना स्थल, पर्सनल डिटेल, मोबाइल नम्बर और ई-मेल जैसी सूचनाएं देनी होंगी।

### यात्रियों से मांगा जाता है फीडबैक

रेल मदद ऐप पर शिकायत या समस्या बताने पर रेलवे द्वारा उसका समाधान तत्काल किया जा रहा है। रेलवे ने हर समस्या के समाधान की समय सीमा भी निर्धारित की हुई है। निर्धारित समय में समाधान न होने पर वह शिकायत उच्च अधिकारी तक पहुंच जाती है। साथ ही समाधान की सूचना भी शिकायतकर्ता को देते हुए उससे फीडबैक भी लिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस अनुशासन समिति ने 20 से अधिक मामलो का किया निस्तारण



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गॉधी भवन पर शनिवार को अनुशासन समिति के चेयरमेन एवं पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

कांग्रेस महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में अनुशासन समिति की को-चेयरमेन श्रीमती शकुंतला रावत, संयोजक हाकम अली तथा सदस्य विनोद गोठवाल उपस्थित रहे। बैठक में समिति द्वारा अनुशासन भंग करने के 20 से अधिक लंबित प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा विवेचना करने के पश्चात सभी प्रकरणों में निर्णय हेतु समिति ने अपनी अनुशंषा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को प्रेषित कर दी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक में चर्चा

- **बैठक में एसीजेएम ने दिए निर्देश, राष्ट्रीय लोक अदालत का पीडितों को मिलें लाभ**



**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)।** यहां न्यायिक परिसर में एसीजेएम सुभाषचंद कोटिया की अध्यक्षता में बार-एसोसिएशन सदस्य व न्यायिक कर्मचारियों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगामी 13 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में एसीजेएम ने न्यायालय में लंबित बैंक प्रकरण व सिविल प्रकरण सहित अन्य प्रकरणों का समझाइस से निस्तारण करने के निर्देश देते हुए सफल क्रियान्वन के लिए बार-एसोसिएशन सदस्यों को हरसंभव सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में बार-एसोसिएशन अध्यक्ष लखन भातरा, अभियोजन अधिकारी दशरथ सिंह, पूर्व अध्यक्ष गजराज सिंह फौजदार, अमरचंद मीणा, निर्भय देशवाल, महावीर प्रसाद, पूरन सिंह हरनेरा, दिलीप डागुर, मुकेश शर्मा, रीडर कृष्ण गोपाल लवानिया मौजूद रहे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष में बाड़ी शहर मंडल के द्वारा एक पेड़ देश के नाम



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )** बाड़ी शहर मंडल के द्वारा एक पेड़ देश के नाम अभियान के तहत सुनार वाली बगीची हनुमान मंदिर, टेकू चौधरी की बगीची हनुमान मंदिर, भूत वाली बगीची, अनेक स्थानो पर वृक्षारोपण किया गया। जिसमें लगभग एक दर्जन पौधे नीम, अमरुद, नींबू, कनेर, चांदनी इत्यादि पेड़ लगाए गए एवं उसकी देखभाल की जिम्मेदारी मंदिर की देखभाल करने वाले पुजारी ने ली। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अनिल गोयल, बाड़ी शहर मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा कार्यक्रम की संयोजक वंदना शिवहरे, रामकुमार चौधरी, सीमा सोनी, किशोरी शरण भटेले, कृष्ण मुरारी बंसल , सुधा बंसल, रामकुमार कुशवाहा उपस्थित थे।

# सहकारी संस्थाऐं नवीन तकनीक अपनाएं,उनके विकास के लिये संरक्षण, संवर्धन और नियंत्रण में संतुलन की है आवश्यकता- अर्चना सिंह(रजिस्ट्रार)

## अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस समारोह का आयोजन

चमकता राजस्थान




**जयपुर।** रजिस्ट्रार सहकारिता श्रीमती अर्चना सिंह ने कहा कि प्रदेश में सहकारी संस्थाओं के पल्लवन के लिये आवश्यक है कि वे अधिकाधिक नवीन तकनीक को अपनायें ताकि उनकी कार्यशैली में पारदर्शिता का समावेश हो और सदस्यों का सहकारिता में विश्वास कायम रहे। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं के विकास और प्रसार के लिये उनके संरक्षण, संवर्धन और नियंत्रण में संतुलन रखकर कार्य करने की आवश्यकता है।

श्रीमती सिंह ने शनिवार को झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित राइसेम परिसर में 102वें अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर आयोजित सेमीनार को संबोधित करते हुये कहा कि आज से लगभग 120 वर्ष पूर्व प्रदेश में कृषि क्षेत्र में वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये सहकारिता का संस्थागत स्वरूप सामने आया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में समाज और व्यक्ति की आवश्यकता और पसंद में परिवर्तन आया है। इसलिये अब सहकारी संस्थाओं को स्थानीय आवश्यकताओं और पसंद को ध्यान में रखते हुये अपने कार्यक्षेत्र में बदलाव लाने की जरूरत है। रजिस्ट्रार ने कहा कि सहकारी संस्थाओं को अपनी सेवा प्रदायगी को बेहतर करते हुये नये नये क्षेत्रों में कार्य करना चाहिये, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के साथ-साथ लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता में समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करें और सभी को साथ लेकर चलेंगे तो किसी भी समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर प्राप्त कर सकते हैं। जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनिया ने कहा कि सहकारिता लोकतंत्र का प्राणतत्व है। जिस लोकतंत्र में सहकारिता नहीं है वह मृतप्राय है। उन्होंने कहा कि स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता, पारस्परिक सहयोग की भावना समाज को एकजुट करती है और इसी से व्यक्ति में सहकारिता का जन्म होता है। समाज में नैतिकता होने पर ही सहकारिता का प्रसार संभव है।

अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के मौके पर राइसेम परिसर में रजिस्ट्रार सहकारिता, जयपुर डेयरी अध्यक्ष, निदेशक राइसेम सहित सभी सहकारजनों ने पौधारोपण किया। सेमीनार में करणपुर क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष लखविन्दर सिंह, फागी जीएसएस के अध्यक्ष ओ. पी. शर्मा, बीलवा जीएसएस के अध्यक्ष श्री प्रहलाद सहाय, नाबार्ड के पूर्व महाप्रबंधक आर. एस. जोधा, भूतपूर्व संयुक्त रजिस्ट्रार (नियम) लीला पुरूषोत्तम तथा राइसेम निदेशक जितेन्द्र शर्मा ने संबोधन दिया। कार्यक्रम में संयुक्त सचिव सहकारिता दिनेश कुमार जांगिड, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (प्रथम) राजीव लोचन शर्मा, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय) शोभिता शर्मा, प्रबंध निदेशक एसएलडीबी विजय कुमार शर्मा सहित जयपुर सीसीबी के प्रबंध निदेशक तथा राइसेम एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### धौलपुर राजस्थानी कलाकारों ने यूथ कैम्प में बिखेरें रंग




**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** धौलपुर के यूथ कलाकरों ने कैंप में रंग बिखेरे तेलंगाना राज्य में यूनाईटेड यूथ प्रोजेक्ट के तत्वाधान में चार दिवसीय गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज कामारेड्डी में राष्ट्रीय एकता युवा शिविर आयोजित किया गया।संस्थापक अध्यक्ष राकेश कुमार मेहरा निहालपुरा ने बताया कि अंबेड़कर युवा जन जाग्रति मंडल (पंजि.)राजस्थान नौ सदस्यीय दल द्वारा एकता रैली में राजस्थान की संस्कृति से ओतप्रोत नारे लगाएँ तथा सांस्कृतिक संध्या में तेजल सासरिये चाल्यो,घूमर और मरूधरिया धोरा में चाले ऊंट गाडो जैसी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई तथा नवीन राष्ट्रीय युवा नीति पर अलग अलग प्रदेशों से आए युवाओं ने अपने विचार दिये।

युवा संसद में दौसा के हीरा लाल महावर ने लैंगिक समानता पर जोर दिया तथा सर्वधर्म प्रार्थना सभा के माध्यम से युवाओं को बताया कि सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए,ध्वज शिष्टाचार की जानकारी एंव यूथ सोंग के द्वारा राष्ट्र के युवाओं को एकजुट होकर राष्ट्र एंव समाज में अपना योगदान दिये जाने की बात कही।लैंग्वेज वर्कशॉप द्वारा संवैधानिक भाषाओं की जानकारी संभगियों को दी गई।भारत के लगभग 13 राज्यों से 250 से अधिक युवाओं ने इस यूथ शिविर में भाग लिया

इस दौरान ट्विंकल मानावत, हिमांशी जैन,सचिन शर्मा,अशोक कुमार महावर,महेन्द्र जाँगिड़, ममता,हीरालाल महावर,वर्तिका तथा राजस्थान दल का नेतृत्व राकेश निहालपुरा ने किया, जिसके लिए उन्हें शाल्वा एंव मोमेन्टोस एंव प्रमाण पत्र देकर दल के साथ चैयरमैन डॉ. टी वैकेंटेवारलु व डॉ. श्रीनिवास द्वारा सम्मानित भी किया।

## लगातार तीन दिन तक हुए विवाहिक कार्यक्रम

# मित्तल दम्पति ने 70 साल की आयु में रचाई शादी, नाती-नातिनी एवं पुत्र-बधू हुए शामिल

चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह) उच्चैन,** अनोखी विवाह कार्यक्रम,वह भी लगातार तीन दिन तक और दुल्हा 72 का और दुल्हन 70 आयु का। उसमें शामिल नाती-नातिनी एवं पुत्र-पुत्रवधू सहित परिजन,रिस्तेदार तथा मित्र मण्डली। ऐसा नजारा भरतपुर जिले के कस्वा उच्चैन में देखा गया। जहां साल 1974 में हुई कस्वा निवासी महावीर प्रसाद मित्तल और कस्वा नदबई निवासी उर्मिला देवी की शादी की 50 वीं वेडिंग एनिवर्सरी मनाई गई। पहले दिन सगाई और लग्न,दूसरे दिन हल्दी की रस्म व महिला संगीत और तीसरे दिन बरात की निकासी,वरमाला और आशीर्वाद

आदि कार्यक्रम हुए। जिसमें राजस्थान, उत्तरप्रदेश,दिल्ली, हरियाणा,गुजराज, मध्यप्रदेश आदि प्रान्त सहित अमेरिका में रह रहे भारतीय प्रवासी और



परिजन,रिस्तेदार,मित्रगण आदि सहित साल 1974 की बरात में शामिल हुए बराती उपस्थित रहे। जब 72 साल के दुल्हा महावीर प्रसाद मित्तल ने 70 साल की दुल्हन उर्मिला देवी के वरमाला डाली,तो कार्यक्रम स्थल आतिशबाजी और जयकारे से भव्य हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मित्तल दम्पति को बधाई दी और उपहार भेंट किए। सबसे मजेदार बात ये देखी गई वेडिंग एनिवर्सरी मना रहे महावीर प्रसाद और उर्मिला को सबसे पहले उनके बडे पुत्र धर्मगोपाल मित्तल और पुत्रवधू रीता मित्तल,भूपेन्द्र मित्तल व उनकी पत्नि मनीषा मित्तल, तारेश मित्तल व उनकी पत्नि रश्मि मित्तल ने फूल वर्षा कर स्वागत किया। उसके बाद मुस्कान, शिवम, आरूश,आरव,अनन्या, इशांत ने अपने दादा महावीर प्रसाद मित्तल व दादी उर्मिला के हाथ जोड एवं चरण स्पर्श कर वेडिंग एनिवर्सरी की बधाई दी। उसके बाद कस्वा निवासी बंगालीमल मित्तल,देवदास गोयल,लक्ष्मणप्रसाद,ताराचन्द गुप्ता,छैलबिहारी मित्तल,सुरेन्द्र मित्तल,प्रदीप मित्तल, ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ गूड्डू, राजेश सिंघल दवा वाला,रिखवचन्द मित्तल,पण्डित हरिओम व्यास,विष्णु मित्तल हलैना वाला, विजय मित्तल पत्थर वाला,चींकू मित्तल,उदयभान गर्ग,मुकेष सिंघल हलैना वाला,खेमचन्द गोयल नदबई वाला,रिंकू गोयल आदि ने वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### वरमाला पर मुस्काए दुल्हा-दुल्हन

### वेडिंग एनिवर्सरी पर परिजन,रिस्तेदार व मित्र मण्डली ने बधाई

आगरा में निवास कर रहे सबसे बड़े बेटे धर्म गोपाल मित्तल की मित्र मंडली में से आगरा के प्रतिष्ठित समाजसेवी, राजनीतिक एवं व्यापारी जगत की प्रमुख हस्तियां इस कार्यक्रम में उपस्थित हुई। भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर केशव दत्त गुप्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष तरुण शर्मा आगरा की जीसी क्राइम एवं राष्ट्रीय प्रकल्प सदस्य एडवोकेट वसंत गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष उमेश बंसल सोमदेव सारस्वत मुकेश मित्तल विनय गोयल आगरा के प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति नेम कुमार जैन विनय गोयल अभिषेक सिंघल राम माहेश्वरी उल्लास दोनोरिया पवन अग्रवाल प्रसिद्ध कैटर्स सोनू बंसल पातीराम कैटर्स सौरभ अग्रवाल अनूप वार्ष्णेय आगरा के प्रमुख चिकित्सा सर्जन डॉक्टर नरेंद्र गुप्ता प्रमुख शिक्षा अधिकारी सुनील तिवारी एवं आगरा के प्रतिष्ठित परिवार सहित उपस्थित दर्ज कराकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929